संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 127 रविवार 09 मार्च 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# महिला दिवस के दिन मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

## » महिला दिवस पर खुले रास्ते, पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प

**इम्फल,08 मार्च 2025(ए)।** मणिपुर में करीब 22 महीनों के बाद स्वतंत्र आवागमन बहाल किया गया, लेकिन इसके तुरंत बाद हिंसा भड़क उठी। महिला दिवस के मौके पर शनिवार (8 मार्च) को जैसे ही सुरक्षा बलों ने बंद रास्तों को खोला, स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। फिलहाल, इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है।

### मैतेई-कुकी संघर्ष के चलते लंबे समय से बंद थे रास्ते

मणिपुर में मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जारी संघर्ष के कारण सुरक्षा एजेंसियों ने आम रास्तों को बंद कर दिया था, जिससे एक ड्डसमुदाय के लोग दूसरे के इलाके में न जा सकें और हिंसा को रोका जा सके। हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह ने उच्चस्तरीय बैठक के बाद 8 मार्च से कानून-व्यवस्था बहाल करने और स्वतंत्र आवागमन शुरू करने के निर्देश दिए थे।



### अलग राज्य की मांग पर अड़ा कुकी समुदाय

कुकी जनजाति के लोग स्वतंत्र आवागमन का विरोध कर रहे हैं और अलग राज्य की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक आवागमन बंद रहना चाहिए। हालांकि,सुरक्षा बलों की निगरानी में यात्री बसों की आवाजाही शुरू कर दी गई है।

गृह मंत्री के निर्देश के बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी थी। शनिवार सुबह इम्फाल से 45 किलोमीटर दूर कांगपोकपी जिले में बंद रास्तों को खोलने की प्रक्रिया शुरू हुई। सबसे पहले बारूदी सुरंग रोधी वाहनों को भेजा गया। इस दौरान कुकी समुदाय की कई महिलाओं ने राजमार्ग को अवरुद्ध करने का प्रयास किया, जिस पर सुरक्षा बलों ने लाठीचार्ज किया, जिससे कई महिलाएं घायल हो गईं।

### झड़पों की घटनाएं, सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो

कुकी बहुल इलाकों में कई जगहों पर झड़पें देखने को मिलीं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में प्रदर्शनकारियों को वाहनों पर पत्थर फेंकते, सड़कों को खोदते,टायर जलाते और बैरिकेड लगाते हुए देखा गया। कुछ जगहों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच तीखी झड़प भी हुई,जहां प्रदर्शनकारी सुरक्षाकर्मियों को लौटने के लिए चिल्लाते नजर आए।

## महत्वपूर्ण खबर

### राष्ट्रपति मुर्मू,उपराष्ट्रपति धनखड़ समेत तमाम नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की दी शुभकामनाएं



**नई दिल्ली,08 मार्च 2025(ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ समेत तमाम नेताओं ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं और विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपलब्धियों और योगदान की प्रशंसा की।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी को बधाई। आज हम महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का जश्न मनाते हैं। हम महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण के लिए ठोस प्रयास करने का भी संकल्प लेते हैं।

### बोले धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री, हिंदुओं का एकजुट होना जरूरी



#### इकट्ठे रहे तो कोई हरा नहीं पाएगा

**गोपालगंज,08 मार्च 2025(ए)।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हनुमंत कथा के दौरान हिंदू एकता को देश के लिए जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि अगर एकजुट रहेंगे तो कोई भी हमें तोड़ नहीं पाएगा। प्रसिद्ध कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभा में मौजूद लोगों से कहा कि अगर हिंदू अकेले रहेंगे तो वे टूट जाएंगे, लेकिन अगर वे एकजुट होकर रहेंगे तो कोई भी उन्हें तोड़ नहीं सकता। अगर कुत्ते को एक पत्थर मारा जाए तो वह भाग जाएगा, लेकिन वही पत्थर अगर मधुमक्खी के छत्ते पर मारा जाए तो आपको ही भागना पड़ेगा।

### हैदराबाद एयरपोर्ट पर ईडी की बड़ी कार्यवाही



#### प्राइवेट जेट को कर लिया जब्त,मचा हड़कंप

**नई दिल्ली,08 मार्च 2025(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय ने हैदराबाद एयरपोर्ट पर बड़ी कार्रवाई की है. ईडी ने ₹850 करोड़ के फाल्कन घोटाले से जुड़ा प्राइवेट जेट जब्त कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह कार्रवाई शुक्रवार की. जानकारी के मुताबिक, ईडी की टीम ने हैदराबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हॉकर 800 जेट (एन935एच) जब्त किया है. ये जेट कथित रूप से ₹850 करोड़ के फाल्कन घोटाले के मुख्य आरोपी अमरदीप कुमार का बताया जा रहा है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलवे ने महिलाओं को दिया ऐतिहासिक सम्मान

# पहली बार महिलाओं ने चलाई वंदे भारत एक्सप्रेस



**नई दिल्ली,08 मार्च 2025(ए)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय रेलवे ने महिलाओं को विशेष सम्मान दिया, जिसकी हर तरफ सराहना हो रही है। पहली बार वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन पूरी तरह से महिला चालक दल द्वारा किया गया, जो देश में महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश करता है।

### महिला लोको पायलट ने संभाली कमान

यह ऐतिहासिक यात्रा साईंनगर शिरडी वंदे भारत एक्सप्रेस में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से सुबह 6:20 बजे शुरू हुई। ट्रेन का संचालन एशिया की पहली महिला लोको पायलट सुरेखा यादव और सहायक लोको पायलट संगीता कुमारी ने किया। इसके अलावा, संचालन की निगरानी श्वेता घोने ने की।

### महिला कर्मियों की पूरी टीम तैनात

इस ऐतिहासिक पहल के तहत, यात्रा के दौरान सभी प्रमुख जिम्मेदारियां महिलाओं ने निभाई।

**मुख्य टिकट चेकर:** अनुष्का केपी और एमजे राजपूत

**टीटीई टीम:** सारिका ओझा, सुवर्णा पश्ते, कविता मराल और मनीषा राम

**कैटरिंग और ऑन-बोर्ड सेवाएं:** पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित

इस तरह, लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, टिकट परीक्षक और ऑन-बोर्ड स्टाफ तक हर भूमिका में महिलाओं की मौजूदगी रही।

### भारतीय रेलवे का महिला सशक्तिकरण की ओर बड़ा कदम

भारतीय रेलवे ने इस पहल को महिलाओं के सशक्तिकरण और समावेशी रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। रेलवे ने कहा कि यह पहल महिलाओं की शक्ति, समर्पण और नेतृत्व का प्रतीक है और इससे इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ावा मिलेगा।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का महत्व

हर साल 8 मार्च को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाअड्डों की उपलब्धियों, नवाचार, नेतृत्व और समाज में उनके योगदान का उत्सव है। यह दिन उन महिलाओं को सम्मानित करता है जो समाज को प्रेरित कर रही हैं, सशक्त बना रही हैं और बदलाव की वाहक बनी हुई हैं।



## भ्रष्टाचार पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

### भ्रष्ट नेता और अफसर समाज के लिए भाड़े के हत्यारों से भी ज्यादा खतरनाक

**नई दिल्ली,08 मार्च 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक जीवन में व्याप्त भ्रष्टाचार पर कड़ा रुख अपनाते हुए इसे देश की आर्थिक स्थिरता और जनता के विश्वास के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च पदों पर बैठे भ्रष्ट तत्व समाज के लिए किराए के हत्यारों से भी अधिक घातक हैं।

#### भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए कठोर कदम आवश्यक

सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ब्रिटिश राजनेता एडमंड बर्क के कथन का हवाला देते हुए कहा कि भ्रष्ट लोगों के बीच स्वतंत्रता लंबे समय तक नहीं टिक सकती। अदालत ने अफसोस जताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार के स्पष्ट दुष्परिणामों के बावजूद यह अनियंत्रित रूप से फल-फूल रहा है।

## दो महिलाओं के साथ गैंगरेप

### साथियों को नहर में धक्का दिया, इलाके में हड़कंप

**बेंगलुरु,08 मार्च 2025(ए)।** कर्नाटक के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हम्पी से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. कुछ अज्ञात लोगों ने एक विदेशी



पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया और उनके साथ मौजूद तीन पुरुषों के साथ मारपीट कर उन्हें पानी में फेंक दिया। इनमें से एक युवक का शव शनिवार सुबह बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, यह घटना गुरुवार रात 11:00 से 11:30 बजे के बीच सनापुर झील के पास हुई। आरोपियों ने 27 वर्षीय इजरायली महिला पर्यटक और 29 वर्षीय होमस्टे संचालिका के साथ दुष्कर्म किया।

## अब राजधानी की महिलाओं को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये



**नई दिल्ली,08 मार्च 2025(ए)।** दिल्ली की महिलाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। दरअसल राज्य कैबिनेट ने महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी है,जिसके तहत बीपीएल कार्डधारक महिलाओं को हर महीने ₹2500 की आर्थिक सहायता मिलेगी। इसके साथ ही, दिल्ली में उज्ज्वला योजना को भी लागू करने का ऐलान किया गया है।

## एनटीपीसी के डीजीएम का मर्डर, कर्मचारियों में आक्रोश,इलाके में हड़कंप

**हजारीबाग,08 मार्च 2025(ए)।** झारखंड के हजारीबाग जिले में सनसनीखेज वारदात सामने आई है. यहां एनटीपीसी के



वरिष्ठ पदाधिकारी कुमार गौरव को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतह इलाके में हुई, जहां हमलावरों ने घात लगाकर इस वारदात को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। हत्या की वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल हो गया।

## अपने ही पार्टी के कांग्रेस नेताओं पर भड़के राहुल गांधी



### दे डाली चेतावनी

**अहमदाबाद,08 मार्च 2025(ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को गुजरात के अहमदाबाद में बड़ा बयान दिया। राहुल ने कहा, मैं कांग्रेस पार्टी का मेंबर हूं और स्टेज से मैं ये कहना चाहता हूं कि गुजरात को कांग्रेस पार्टी रास्ता नहीं दिखा पा रही है। उन्होंने आगे कहा, गुजरात कांग्रेस में दो तरह के लोग हैं। एक वो हैं, जो जनता के साथ खड़े हैं जिसके दिल में कांग्रेस की विचारधारा है। राहुल ने कहा, दूसरा वो हैं, जो जनता से दूर हैं। कटे हुए हैं और उसमें से आधे बीजेपी से मिले हैं। जब तक हमने इन दो को अलग नहीं किया, तब तक गुजरात की जनता हम पर विश्वास नहीं कर सकती है।

## राजस्थान के अलवर में आवारा कुत्तों का आतंक

# कुत्तों के समूहों ने किया युवती पर किया हमला

### सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना...

**अलवर,08 मार्च 2025(ए)।।** राजस्थान के अलवर में एक युवती पर आवारा कुत्तों के हमले की दर्दनाक घटना सामने आई है। यह घटना जेके नगर कॉलोनी के वार्ड नंबर 56 में हुई, जहां 8 से 10 आवारा कुत्तों के झुंड ने युवती पर हमला कर दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

शाम के समय युवती घर के बाहर वॉक कर रही थी और फोन पर बात कर रही थी। तभी अचानक 8 से 10 आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने युवती को नोचना शुरू कर दिया, जिससे वह हड़बड़ाहट में जमीन पर गिर गई। इस दौरान वहां से



गुजर रहे कुछ लोगों ने कुत्तों को भगाया, लेकिन तब तक युवती के हाथ, कंधे और शरीर के अन्य हिस्सों पर कुत्तों के काटने के निशान हो चुके थे। युवती, जो नव्या नाम की फिजियोथेरेपिस्ट की छात्रा है, ने बताया कि वह कुत्तों से बचने के लिए इधर-उधर भागने लगी, लेकिन कुत्तों ने उसे घेर लिया। एक महिला ने उसे देखा और स्कूटी रोककर कुत्तों को भगाया। घटना के बाद युवती को अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू किया। वार्ड नंबर 56 के पार्षद हेतराम यादव ने बताया कि कॉलोनी में एक महिला टीचर ने कुछ आवारा कुत्तों को पाल रखा है, जो दिनभर सड़कों पर घूमते हैं और रात को उन्हें घर में बंद कर दिया जाता है।

# धर्मांतरण करवाने वालों को फांसी की सजा

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने किया ऐलान



**भोपाल,08 मार्च 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बे ा ऐलान करते हुए कहा है कि राज्य में धर्मांतरण करवाने वालों को फांसी की सजा दी जाएगी। यह कदम धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत उठाया गया है, जिसका उद्देश्य जबरन धर्मांतरण और दुराचार जैसी कुरीतियों पर रोक लगाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के माध्यम से हम प्रावधान कर रहे हैं कि जो धर्मांतरण करवाएंगे, उनके लिए भी हमारी सरकार के द्वारा फांसी का प्रावधान किया जा रहा है। हमारी सरकार जोर-जबरड्डदस्ती और बहला-फुसलाकर दुराचार करने वालों को छोड़ने वाली नहीं है। हम किसी भी हालत में ऐसे लोगों को जिंदगी जीने का अधिकार नहीं देना चाहते हैं।सीएम यादव ने आगे कहा कि मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वाले मामलों में सरकार बहुत कठोर है। उन्होंने कहा, धर्मांतरण और दुराचार किसी भी तरह की व्यवस्था के खिलाफ है। हमने संकल्प लिया है कि हम अपने समाज के अंदर इन कुरीतियों को बे ावा नहीं देंगे। मध्य प्रदेश सरकार का यह कदम जबरन धर्मांतरण और दुराचार जैसी सामाजिक बुराइयों को रोकने के लिए उठाया गया है। नए कानून के तहत धर्मांतरण करवाने वालों को सख्त सजा का प्रावधान किया गया है, जिसमें फांसी की सजा भी शामिल है।

## संपादकीय

# नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद

कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। इन सबके सबक क्या हैं? प्रादेशिक स्वायतत्ता की उपेक्षा संबंधी दक्षिणी राज्यों की कई शिकायतों में दम है, मगर जिस तरह तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन इससे जुड़े सवालों को लेकर माहौल गरमा रहे हैं, उससे उनके इरादे पर शक होना लाजिमी है। स्टालिन लोकसभा सीटों के संभावित परिसीमन से जुड़ी आशंकाओं,नई शिक्षा नीति संबंधी विवाद,और हिंदी थोपने की कथित शिकायत को रोजाना के स्तर पर उठा रहे हैं।इस क्रम में वे अपने राज्य के लोगों को तुरंत अधिक बच्चे पैदा करने की प्रतिगामी सलाह देने की हद तक चले गए हैं। जाहिरा तौर पर केंद्र की कई नीतियों से गहराई शिकायतों में स्टालिन ने अपनी पार्टी डीएमके के लिए अवसर देखा है।संकेत साफ हैं कि साल भर बाद होने वाले विधानसभा चुनाव में वे इन्हीं भावनात्मक मुद्दों को लेकर अभियान चलाएंगे। इस क्रम में खासकर भाषा विवाद में निहित खतरों की वे पूरी उपेक्षा कर रहे हैं।उनका अभियान हिंदी के खिलाफ है- जिसमें उन्होंने हिंदी बोलियों को खा गई जैसा तथ्यहीन दावा भी किया है। बहरहाल, ऐसे मुद्दे कैसे हालात पैदा कर रहे हैं, इस पर भी उन्हें जरूर ध्यान देना चाहिए।कुछ ही समय पहले कर्नाटक में एक पुस्तक मेले के दौरान तमिल किताबों की बिक्री को लेकर विरोध जताया गया था। उधर हाल ही में एक बस में कन्नड़ और मराठी बोलने को लेकर हिंसा तक हुई। सबक क्या है? स्पष्टतः यही कि पहचान एवं भावनाओं की राजनीति ने देश के विभिन्न हिस्सों में ऐसे मसलों को लेकर भड़काऊ माहौल बना रखा है।इसकी बड़ी जिम्मेदारी राजनेताओं और राजनीतिक दलों पर जाती है, जिन्हें ऐसे मुद्दों में वोट पाने का आसान रास्ता दिखता है। चूंकि आर्थिक और विकास नीतियों के मामलों में तमाम दलों ने समान रास्ता चुना हुआ है,वैसे में अपनी अलग प्रासंगिकता दिखाने का उन्हें यही सरल उपाय नजर आता है।लेकिन जन हित और राष्ट्र के व्यापक हित के नजरिए से यह खतरनाक खेल है। यह अवश्य रेखांकित किया जाना चाहिए कि अगर धार्मिक विभाजन की राजनीति देश के लिए जोखिम भरी है, तो भाषा या जाति के आधार पर चुनावी गोलबंदी कम खतरनाक नहीं है।

# इस संसार में महिला होना गुनाह है क्या?



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक-124001( हरियाणा)

परमात्मा ने स्त्री और पुरुष इस संसार चक्र को चलाने के लिए बनाए हैं! हमारा समाज पुरुष प्रधान है! मुख्य फैसले पुरुषों द्वारा ही लिए जाते हैं! स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद बेशक हमारी समाज में जागरूकता लाने के कारण तथा महिलाओं को शिक्षा प्राप्त करने के कारण पुरुषों की तरह काम करने की आजादी मिली हुई है! लेकिन इसके बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों तथा आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति सोचनीय है! हमारे देश में उत्तर पूर्व के एक प्रांत मणिपुर में पिछले 77 दिनों से मैतेई तथा कूका आदिवासियों में हिंसा आगजनी, महिलाओं के साथ दुष्कर्म आदि बातें हो रही है वह देश के लिए चिंता की बात है। अभी 2 दिन पहले सामने आई एक वीडियो ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। कहा जाता है यह वीडियो 4 जून 2023 की है। लगभग सौ आंदोलनकारियों ने कुछ महिलाओं को पुलिस कस्टडी में से छुड़वा कर उनमें से कुछ महिलाओं को निर्वस्त्र कर, नंगे पन में उनकी परेड करवाई, उनके प्राइवेट पार्ट्स के साथ छेड़छाड़ की और उनका गैंग रेप किया। बेशक यह घटना काफी पुरानी है इसको लेकर एफ आई आर दर्ज कराई गई लेकिन वीडियो में दिखाए गए किसी अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया गया। हालांकि हर एफआईआर की सूचना एक-दो दिन के बाद केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय को दी जाती है। इसका



मतलब यह है कि इस किस्म की जो वारदातें मणिपुर में हो रही थी उन सब का पता गृहमंत्री को था। अगर राज्य सरकार ने इनकी सूचना गृह मंत्रालय को नहीं दी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। नंगी स्त्रियों का प्रेड कराया जाना तथा उनका गैंग रेप होने का वीडियो 2 दिन पहले जब वायरल हुआ तो सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस श्री चंद्रचूड़ ने स्वयं इसका संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार को दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है 28 जुलाई तक सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट करने के लिए कहा अन्यथा इस मामले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट स्वयं कार्रवाई करेगा। यह वीडियो वायरल होने के बाद सारे देश में क्रोध की आग भड़क उठी। संसद सदन के बाहर प्रधानमंत्री ने कहा कि इस घटना ने उन्हें बहुत क्रोधित और दुखी किया है और देश की 140 करोड़ जनसंख्या को शर्मिंदा किया है। विपक्ष ने भी पिछले 77 दिनों से चल रही मणिपुर की हिंसा को लेकर सरकार की चुप्पी की आलोचना की। जब मणिपुर के मुख्यमंत्री से इसके बारे में बातचीत की गई तो उन्होंने स्वीकार किया कि इस किस्म की सैकड़ों घटनाएं उनके राज्य में होती रहती हैं। यह तो और भी शर्मसार करने वाली बात है। जब कोई सरकार कानून व्यवस्था बना कर नहीं रख सकती, लोगों की जान माल की रक्षा नहीं कर सकती, महिलाओं की अस्मिता की रक्षा नहीं कर सकती तो कुछ सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लागू कर देना चाहिए। संसद के सदन में सारा काम रोककर विपक्ष द्वारा मणिपुर पर बहस ना कराने के लिए 2 दिन तक संसद की कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी। इस प्रकार के महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध के मद्देनजर बाल एवं महिला विकास मंत्री, स्मृति ईरानी का खामोश रहना तथा महिला आयोग का सरकार को कुछ ना कहना तथा प्रधानमंत्री का संसद में कोई बयान ना देना अपराधिक मामला है। मणिपुर की तरह राजस्थान में भी ऐसी घटना हुई है। इससे पहले दिल्ली में निर्भया कांड हो चुका है। प्रेमी द्वारा प्रेमिका के 40 टुकड़े करके फेंकने का मामला भी अभी ताजा-ताजा है। पूछा जा सकता है क्या महिला होना अपराध है। क्या महिला सशक्तिकरण एक ढोंग है। क्या महिला दिवस मनाना एक औपचारिकता मात्र ही है। देश के विभाजन के टाइम हम महिलाओं की अस्मत लुटते हुए सुन चुके हैं और यह सिलसिला अभी जारी है। आखिर कब तक। सचमुच देवी देवताओं के तथा अपने आप को विश्व गुरु कहने वाले भारत के लिए मणिपुर जैसी घटनाओं का होना शर्मसार करने वाला है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# भारत में नारी का सम्मान और उनकी अग्रणी भूमिका



**श्याम कुमार कोलारे**
छिन्दवाड़ा,मध्यप्रदेश

भारत मे नारी सदैव से अग्रणी रही है, हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी सदैव ही सम्मानीय रही है। भारत में नारी का स्थान प्राचीन काल से ही अत्यंत सम्माननीय रहा है। हमारी संस्कृति में नारी को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। वेदों और पुराणों में नारी को माँ, देवी, सहधर्मिणी और समाज की आधारशिला के रूप में प्रस्तुत किया गया है। भारतीय संस्कृति में नारी को देवी स्वरूप माना गया है–सरस्वती ज्ञान की, लक्ष्मी समृद्धि की और दुर्गा शक्ति की प्रतीक हैं। रामायण और महाभारत में सीता, द्रौपदी जैसी नारियाँ न केवल अपने कर्तव्य के प्रति निष्ठावान रहीं, बल्कि उन्होंने समाज को नई दिशा भी दी। हालाँकि,मध्यकाल में कुछ सामाजिक कुरीतियों ने नारी की स्थिति को प्रभावित किया, लेकिन आधुनिक भारत में नारी फिर से अपने अधिकारों और स्वतंत्रता के प्रति जागरूक हो रही है। आज वे शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल और व्यवसाय के हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। नारी सशक्तिकरण के साथ समाज का विकास जुड़ा है। जब नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र भी सशक्त होगा। भारत की नारी सदैव से सम्माननीय रही है और आगे भी समाज को दिशा देती रहेगी।

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते,**
**रमन्ते तत्र देवता**

यह प्राचीन संस्कृत सूक्ति केवल शब्द नहीं, बल्कि भारत की आध्यात्मिक और दार्शनिक परंपराओं में महिलाओं के प्रति गहरी श्रद्धा का प्रतीक है। इस सूक्ति के अनुसार, जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं।

हमारे दैनिक जीवन में महिलाओं की एक विशेष भूमिका रही है। महिलाएं समाज में एक अभिन्न भूमिका निभाती हैं। वे परिवारों की रीढ़ हैं और समुदायों के विकास और वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं, बहन, बेटियों को जीतने अधिक अवसर एवं, सुविधाएँ मिलेगी, वह समाज को कई गुना लौटाकर देंगी। किसी संस्कृति को अगर समझना है तो सबसे आसान तरीका है कि उस संस्कृति में नारी के हालात को समझने की कोशिश की जाए। किसी भी देश के विकास संबंधी सूचकांक को निर्धारित करने हेतु उद्योग, व्यापार, खाद्यान्न उपलब्धता, शिक्षा इत्यादि के स्तर के साथ ही इस देश की महिलाओं की स्थिति का भी अध्ययन किया जाता है। नारी की सुदृढ़ एवं सम्मानजनक स्थिति एक उन्नत, समृद्ध तथा मज़बूत समाज की द्योतक है।

भारतीय महिलाएं ऊर्जा से लबरेज, दूरदर्शिता, जीवन्त उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम है। भारत के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता



रवींद्रनाथ टैगोर के शब्दों में, हमारे लिए महिलाएं न केवल घर की रोशनी हैं, बल्कि इस रौशनी की लौ भी हैं। अनादि काल से ही महिलाएं मानवता की प्रेरणा का स्त्रोत रही हैं। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले तक, महिलाओं ने बड़े पैमाने पर समाज में बदलाव के बड़े उदाहरण स्थापित किए है। हालाँकि सावित्रीबाई फुले युद्धभूमि की वीरांगना नहीं थीं, लेकिन उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाकर समाज को जागरूक किया। उन्होंने महिलाओं और दलितों की शिक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। भारत में जब भी महिलाओं के सशक्तिकरण की बात होती है तो महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की चर्चा ज़रूर होती है। रानी लक्ष्मीबाई न सिर्फ़ एक महान नाम है बल्कि वह एक आदर्श हैं उन सभी महिलाओं के लिए जो खुद को बहादुर मानती हैं और उनके लिए भी एक आदर्श हैं जो महिलाएं ये सोचती है कि 'वह महिलाएं हैं तो कुछ नहीं कर सकती.' देश के पहले स्वतंत्रता संग्राम (1857) में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली रानी लक्ष्मीबाई के अप्रतिम शौर्य से चकित अंग्रेजों ने भी उनकी प्रशंसा की थी और वह अपनी वीरता के किस्सों को लेकर किंवदंती बन चुकी हैं। समाज सेवी मदर टेरेसा ने सेवा और करुणा की मिसाल पेश की। उन्होंने समाज के गरीब, असहाय और बीमार लोगों की सेवा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। गोंडवाना की शासक रानी दुर्गावती ने मुगल सेना के विरुद्ध वीरतापूर्वक युद्ध लड़ा। उन्होंने अपने राज्य की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया और युद्धभूमि में आत्मबलिदान कर दिया। भारत की वीरांगनाएँ केवल अतीत की गाथाएँ नहीं हैं, बल्कि वे आज भी महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। वे हमें सिखाती हैं कि नारी शक्ति, साहस, त्याग और आत्मसम्मान का प्रतीक है। चाहे वह युद्ध का मैदान हो या समाज सेवा, भारतीय नारियाँ सदैव अग्रणी रही हैं और आगे भी रहेंगी।

दुनिया के हर देश में बच्चे और बुजुर्गों की देखभाल करने में मुख्य योगदान महिलाओं का सर्वाधिक होता हैं। अंतर्राष्ट्रीय अध्ययनों से पता चलता है कि जब समाज की अर्थव्यवस्था और राजनीतिक व्यवस्था बदलती है, तो महिलाएँ परिवार को नई वास्तविकताओं और चुनौतियों के अनुकूल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाती हैं।

जब महिलाएं सशक्त होती हैं और अपने अधिकारों और भूमि, नेतृत्व, अवसरों और विकल्पों तक पहुंच का दावा कर सकती हैं, तो अर्थव्यवस्थाएं बढ़ती हैं, खाद्य सुरक्षा बढ़ती है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए संभावनाएं बेहतर होती हैं।

भारत के संबंध में कई बार वर्ल्ड बैंक ग्रूप आदि ने कहा है कि अगर यहाँ पर महिलाओं की आर्थिक भागीदारी में वृद्धि की जाए तो भारत की विकास दर में तीव्र वृद्धि हो सकती है। गौरतलब है कि 1994 से 2012 के मध्य कई लाख भारतीय गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। इन आँकड़ों में और बढ़ोतरी होती अगर कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में और इज़ाफा होता। 2012 में सिर्फ 27 प्रतिशत वयस्क भारतीय महिलाएँ विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत थीं। चिंता की बात यह है कि भारत के तीव्र शहरीकरण ने कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में कोई वृद्धि नहीं की है। आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, 2022 के वैश्विक औसत 47.8त्न के मुकाबले भारत में महिला श्रम शक्ति भागीदारी दर 37त्न है। हालाँकि यह वर्ष 2017-18 में 23.3त्न से बढ़ा है, लेकिन इसका 37.5त्न हिस्सा घरेलू उद्यमों में अवैतनिक सहायक के रूप में नियोजित है। इन महिलाओं को उनके द्वारा किए जाने वाले काम के लिए कोई भुगतान नहीं किया जाता है।

भारत ने व्यापक नीतियों, लक्षित योजनाओं और कानूनी ढांचों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय प्रगति की है। आर्थिक भागीदारी से लेकर सुरक्षा, डिजिटल समावेशन से लेकर शिक्षा तक, सरकार की पहलों ने महिलाओं के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक समावेशी, लैंगिक-समान समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता की पुष्टि करना बहुत जरूरी है जहां महिलाएं राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में मुख्य भूमिका निभाती हैं। नीति-निर्माण, सामुदायिक जुड़ाव और डिजिटल समावेशन में निरंतर प्रयास यह सुनिश्चित करेंगे कि महिलाएं आने वाले वर्षों में भारत की विकास गाथा को आगे बढ़ाती रहें।

किसी भी राष्ट्र की प्रगति का सर्वोत्तम थर्मामीटर है, वहाँ की महिलाओं की स्थिति। हमें महिलाओं को ऐसी स्थिति में पहुंचाने की कोशिश करनी चाहिए, जहाँ वे अपनी समस्याओं को अपने ढंग से खुद सुलझा सकें। हमारी भूमिका महिलाओं की ज़िंदगी में उनका उद्धार करने वाले की न होकर उनका साथी बनने और सहयोगी की होनी चाहिए। क्योंकि भारत की महिला इतनी सक्षम है कि वे अपनी समस्याओं को खुद सुलझा सकें। कमी अगर कहीं है तो बस इस बात की, हम एक समाज के तौर पर उनकी क़ाबलियत पर भरोसा करना सीखें। ऐसा करके ही हम भारत को उन्नति के रास्ते पर ले जा पाएंगे।

# नारी सशक्तिकरण से ही राष्ट्र सशक्त होगा



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कहा कि नारी सशक्तिकरण ही वास्तविक राष्ट्र सशक्तिकरण की आधारशिला है। जब महिलाएँ आत्मनिर्भर होंगी, तो समाज और देश की प्रगति स्वतः सुनिश्चित होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिलाओं, विशेष रूप से जनजातीय और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के उत्थान के लिए चलाई जा रही योजनाओं को प्रभावी कदम बताया।मंत्री उइके ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज और राष्ट्र की उन्नति का मूल आधार भी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार ने व्यापक नीतिगत पहल की हैं, जिनका सीधा लाभ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को मिल रहा है। प्रधानमंत्री वन धन योजना जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार और लघु उद्यमों से जोडने् का महत्वपूर्ण प्रयास है, जिससे वे अपने पारंपरिक ज्ञान और कौशल का उपयोग कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं। आदिवासी छात्रवृत्ति योजना और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय जनजातीय समाज की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण और उच्च अध्ययन के अवसर प्रदान कर रहे हैं। स्टैंड अप इंडिया योजना के तहत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग की महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती और धात्री महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान कर स्वस्थ मातृत्व और पोषण को प्रोत्साहित कर रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के माध्यम से विशेष रूप से जनजातीय क्षेत्रों में बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है।मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को नीति-निर्माण की केंद्रीय धुरी बना रही है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रदेश की 1.29 करोड़ महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता प्रदान करने की ऐतिहासिक पहल है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रत्यक्ष आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे परिवार के आर्थिक निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं और आत्मनिर्भर बन रही हैं। मुख्यमंत्री आदिवासी महिला उद्यमिता योजना जनजातीय महिलाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित करने के लिये अनुदान और ऋण सहायता उपलब्ध करा रही है। हर घर नल जल योजना ग्रामीण और आदिवासी महिलाओं को पेयजल आपूर्ति की कठिनाइयों से राहत दे रही है, जिससे उनका श्रम और समय बच रहा है और वे शिक्षा, रोजगार और सामाजिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी कर पा रही हैं। पेसा अधिनियम जनजातीय महिलाओं को ग्राम सभाओं में सशक्त भूमिका प्रदान करने के लिए प्रभावी कानून है, जिससे वे स्वतंत्र निर्णय ले रही हैं और समुदाय के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।मंत्री उइके ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल सरकारी योजनाओं से ही संभव नहीं है, बल्कि इसमें समाज की भागीदारी भी आवश्यक है। सरकार स्वरोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और वित्तीय सहायता के माध्यम से जनजातीय और अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए ठोस प्रयास किए जाएंगे। जब हर नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र सशक्त होगा और यही हमारा संकल्प है।

**-संपतिया उइके-**

# जारी है अपने हिस्से के आकाश की तलाश



**विजय गर्ग**
चांद मलोट
पंजाब



आत्मनिर्भरता अपने आप में एक महत्वपूर्ण गुण है, जो मनुष्य को स्वावलंबी बनाने के साथ मानसिक तौर भी सशक्त होने का अहसास दिलाता है। महिलाओं के दृष्टिकोण से विचारें तो वित्तीय संयोजन से अभिप्राय मात्र अपने पैरों पर खड़े होने तक सीमित न होकर आर्थिक आत्मनिर्भरता, स्वतंत्रता, सुरक्षा और शक्ति के बारे में है, जो उनके व्यक्तिगत जीवन से लेकर समुदायों, समाज तथा भावी पीढ़ियों तक को बदल सकता है।

यूं भी महिलाओं का घर की चारदीवारी में सिर्फ़ चूल्हे-चौके तक सीमित रहना बीते युगों की बात हो चुकी है। आधुनिक नारी घर-परिवार संभालने के साथ पारिवारिक आमदनी बढ़ाने में भी पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। विविध क्षेत्रों से संबद्ध निजी व सरकारी संस्थाओं में सेवाएं देने के साथ आज ऐसी महिलाओं की भी कमी नहीं, जो नौकरी करने की अपेक्षा स्वरोज़गार सृजित करने की आकांक्षी हैं। ये महिलाएं बड़े शहरों की उच्च डिग्रीधारक न होकर किसी छोटे से गांव या कस्बे से संबंधित हो सकती हैं, जिनके मन में कुछ अलग कर दिखाने का जज़्बा भरा है।

आत्मनिर्भरता के स्तर पर नारी सशक्तीकरण को प्रमाणित करती है नीति आयोग के महिला उद्यमिता मंच, ट्रांस यूनियन सिबिल तथा माइक्रोसेव कंसल्टिंग द्वारा संयुक्त रूपेण तैयार की गई ताज़ा रिपोर्ट, जोकि देश में महिलाओं की वित्तीय प्रगति एवं क्रेडिट जागरूकता के मद्देनज़र हो रही उल्लेखनीय वृद्धि का तथ्य उजागर करती है।

आसमान छूने की इन साहसिक कल्पनाओं में सतरंगी आभा भरने का श्रेय काफी हद तक जाता है उन योजनाओं को, जो उद्यमिता के क्षेत्र में पदार्पण की चाहवान महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर ऋण सुविधा प्रदान करते हुए उन्हें स्वरोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने में सहायक सिद्ध हो रही हैं। इनमें प्रमुख हैं जन धन योजना, महिला उद्यमी मुद्रा योजना, स्टैंड-अप इंडिया तथा प्रधानमंत्री रोज़गार प्रोत्साहन योजना। इसके साथ माइक्रोफाइनेंस संस्थान एवं महिला-केंद्रित क्राउडफंडिंग प्लेटफ़ार्म जैसे ग्रामीण फाउंडेशन इंडिया, मिलाप आदि भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के इस सदे प्रयास में मददगार बनकर आगे आ रहे हैं।

यह परिदृश्य स्पष्ट संकेत है आधुनिक नारी की उस प्रगतिशील सोच का, जो वित्तीय प्रबन्धन में स्वायत्तता की हिमायती है। रिपोर्ट के मुताबिक़, विगत पांच वर्षों में कर्ज़ लेने वाली महिलाओं की संख्या में तीन गुना बढ़ोतरी देखने में आई। इन महिलाओं में से 60 फ़ीसदी ग्राम्य अथवा अर्धशहरी क्षेत्रों से संबंध रखती हैं; सामाजिक व आर्थिक विकास के दृष्टिगत निश्चय ही यह एक सुखद संकेत है। निन्संदेह, बैंकिंग व्यवस्था में डिजिटल भुगतान ने महिलाओं के लिए कर्ज़ लेना व इसका प्रबन्धन करना अपेक्षाकृत सरल बना दिया है, जिसके चलते व्यावसायिक उद्देश्य की पूर्ति हेतु लिए जा रहे कर्ज़ में महिलाओं की भागीदारी 14 फीसदी बढ़ी। वे नियमित तौर पर अपने क्रेडिट स्कोर भी जांच रही हैं। यही नहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की एक पूर्व रिपोर्ट के मुताबिक़, देश के शेयर बाज़ार निवेशकों में हर चौथा निवेशक एक महिला ही है। वित्तीय आत्मनिर्भरता न केवल आर्थिक स्वतंत्रता देती है बल्कि पुरानी रूढ़ियों को चुनौती देते हुए सांस्कृतिक मानदंडों को भी बदलती है। दरअसल, वित्तीय स्वतंत्रता व आत्मविश्वास के मध्य घनिष्ठ संबंध है। अध्ययनों से पता चला है कि महिलाएं जब वित्तीय संसाधनों पर नियंत्रण रखते हुए प्रभावी ढंग से प्रबंधित करती हैं तो इससे उनका आत्मसम्मान बढ़ता है। वे यह जानकर अच्छा महसूस करती हैं कि वे अपने व परिवार के लिए प्रावधान कर सकती हैं। सुरक्षित होने की भावना जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी आत्मविश्वास बढ़ाती है, जिसमें उनके करियर व रिश्ते भी शामिल हैं।

इसके बावजूद संख्या के आधार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में देश की आधी आबादी की हिस्सेदारी अभी मात्र 18 फ़ीसदी है। इसमें एक बड़ा कारण है, पर्याप्त जानकारी का अभाव। महिलाएं अक्सर ऐसे नेटवर्क्स तथा मार्गदर्शकों तक पहुंच नहीं बना पातीं, जो उनके व्यवसाय के विकास हेतु अनिवार्य माने गए हैं। व्यवसाय पंजीकरण, संपत्ति अधिकारों तथा लाइसेंसिंग जैसी कानूनी समस्यायों के साथ तकनीकी संसाधनों व डिजिटल उपकरणों की कमी आदि भी एक बड़ी समस्या बनकर उभरती है। सामाजिक दबाव, अत्यधिक अपेक्षाएं एवं महिलाओं के कौशल व नेतृत्व क्षमता पर उठाए जाते प्रश्न भी उसे बेझिझक आगे बढ़ने से रोकते हैं।

निस्संदेह, महिलाओं के प्रति समाज का नज़रिया काफी हद तक बदला है किंतु इसे समानता तक पहुंचने में अभी मीलों सफ़र तय करना बाकी है। अंतर्राष्टीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के तहत, देश की श्रमशक्ति में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के बराबर हो जाए तो जीडीपी में 27 फ़ीसदी तक वृद्धि हो सकती है। पर्याप्त अवसर व संसाधन मिलें तो निश्चय ही देश की अर्थव्यवस्था में महिलाएं निर्णायक योगदान दे पाएंगी।

## कविता
## होली में हुड़दंग है...

घटती-घटना



**उदयकिशोर साह**
जयपुर बांका
बिहार

होली की टोली में हुड़दंग है
पिचकारी में भरी अब रंग है
कोई बच के से ना जायेगा
होली है रंग में रंग जायेगा
गाँव में छाई मस्ती की बहार
मस्ती में डुबा हर कोई मेरे यार
बाँहों में लिपट गई मेरी गुलनार
मस्ती में पागल है आज संसार
मुनियां चुनियां भी खेले होली
गली गली घुम रही है रगों की टोली
हाथों में ले रंग गुलाल की झोली
खेलो रे होली खेलो री होली
छुई मुई क्यूँ सिमट गई दुल्हिनियाँ
मस्ती जब झूम रही है आज दुनियाँ
बागों में अंगड़ाई ले रही सब कलियाँ
फिजां में घुल रही नशे में रंगरलियाँ
प्रेम से हर चेहरे पे रंग लगावो
ना घबराओ ना ही शरमाओ
सनातन की पुरानी है रीत निराली
दोस्त दुश्मन भी मिल खेले होली
कह दो कोई ना हमें रोके टोके आज
युवा को पहनने दो हुड़दंग का ताज
गायेगें सब मिल होली में फाग
बजेगा ढोल बजेगा अब झाल

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

CMYK

# उदयपुर व अंबिकापुर जनपद पर कांग्रेस का कब्जा,मैनपाट में भाजपा की जीत





- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर. त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के तहत जनपद पंचायत अम्बिकापुर, उदयपुर और मैनपाट, में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन हेतु आज जनपद मुख्यालय में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई। जिसमें सभी नवनिर्वाचित सदस्य शामिल हुए। जनपद पंचायत अम्बिकापुर में पीठासीन एवं सह पीठासीन अधिकारी ने निर्वाचन में शामिल सभी जनपद सदस्यों की सहमति से चुनाव प्रक्रिया समय अनुसार प्रारंभ की। जनपद पंचायत अम्बिकापुर से अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल कर दावेदारी पेश किए जिसमें राम शरण सिंह को 12 मत और विक्रम सोन पाकर 13 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। वही उपाध्यक्ष के लिए दो अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया जिसमें विजय व्यापारी को 9 मत और सतीश कुमार यादव 16 मत पाकर उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए।

जनपद पंचायत उदयपुर में अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थी ने अपनी दावेदारी पेश की। जिसमें मुन्ना सिंह को 5 मत और ओम प्रकाश सिंह 8 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए। वहीं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष के लिए दो अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया जिसमें शकुन्तला को 5 मत और सिद्धार्थ कुमार सिंह देव 8 मत पाकर उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। इसी प्रकार जनपद पंचायत मैनपाट में अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थियों ने अपनी दावेदारी पेश की जिसमें सुशिला खेस को 8 मत और संतोषी पैकरा 9 मत पाकर अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित हुईं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध अनिल सिंह निर्वाचित हुए।

### उदयपुर व अंबिकापुर जनपद पर कांग्रेस का कब्जा

उदयपुर जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए शनिवार को वोटिंग हुई। इसमें अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनों ही पदों पर कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस समर्थित बीडीसी ओमप्रकाश को 8 वोट जबकि भाजपा के मुन्ना सिंह को 5 वोट मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस समर्थित बीडीसी सदस्य सिद्धार्थ सिंहदेव ने जीत हासिल की। उन्हें भी 8 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी को 5 वोट ही मिल पाए। इस तरह कांग्रेस ने उदयपुर जनपद में जीत हासिल की। जनपद पंचायत अम्बिकापुर से अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल किया था। जिसमें भाजपा समर्थित प्रत्याशी राम शरण सिंह को 12 मत और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी विक्रम सोन पाकर 13 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए। वही उपाध्यक्ष के लिए दो अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया जिसमें भाजपा समर्थित प्रत्याशी विजय व्यापारी को 9 मत और कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सतीश कुमार यादव 16 मत पाकर उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुए।

### मैनपाट जनपद पर भाजपा का कब्जा

जनपद पंचायत मैनपाट में अध्यक्ष पद के लिए दो अभ्यर्थियों ने अपनी दावेदारी पेश की जिसमें कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी सुशिला खेस को 8 मत और भाजपा समर्थित प्रत्याशी संतोषी पैकरा 9 मत पाकर अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचित हुईं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध भाजपा समर्थित प्रत्याशी अनिल सिंह निर्वाचित हुए। इस दौरान सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो की उपस्थिति में भाजपाइयों ने जश्न मनाया।

### वोटिंग से पहले झूमा-झटकी, गाली-गलौज

जनपद पंचयत उदयपुर में चुनाव के दौरान शनिवार की दोपहर भाजपा, गोंगपा व कांग्रेस के जनपद सदस्य वोटिंग करने पहुंचे थे। इस दौरान तीनों ही दल के नेता व कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। वे हाथापाई करने लगे तथा एक-दूसरे को गालियां देने लगे। अंत में पुलिस ने हस्तक्षेप कर किसी तरह मामला शांत कराया। वहीं सूचना पर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव व अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे।




## ब्लड बैंक में कार्यरत इन महिलाओं ने भी अंगदान का लिया संकल्प

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

अम्बिकापुर की सशक्त और प्रेरणादायक महिलाएं इस महिला दिवस पर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने में एक कदम और आगे बढ़ीं। राजमाता देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में कार्यरत डॉक्टर काजल पैकरा, ब्लड बैंक टेक्नीशियन संध्या सिंह, सुमन यादव और ब्लड बैंक काउंसलर अंजुला मिश्रा ने एक साथ मिलकर रेड क्रॉस सोसाइटी सरगुजा शाखा के सहयोग से अंगदान का संकल्प लिया और एक नई मिसाल प्रस्तुत की। इन महिलाओं ने साबित कर दिया कि महिला दिवस केवल महिलाओं के अधिकारों और उनके सम्मान का दिन नहीं है, बल्कि यह समाज में एक स्थायी बदलाव लाने और मानवता की सेवा के संकल्प का दिन भी है। इन्होंने ने अंगदान का संकल्प लेकर यह संदेश दिया कि रक्तदान और अंगदान केवल एक चिकित्सीय जरूरत नहीं, बल्कि जीवन को नया अर्थ देने वाली मानवता की सेवा है। डॉ. काजल पैकरा टेक्नीशियन, संध्या सिंह, सुमन यादव एवं काउंसलर अंजुला मिश्रा न केवल रक्तदान के महत्व को समझती हैं, बल्कि समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का भी निरंतर प्रयास कर रही हैं। उनका मानना है कि एक व्यक्ति का रक्तदान, एक जीवन को बचा सकता है, और अंगदान, किसी के जीवन में नई उम्मीद की किरण बन सकता है। उन्होंने इस महिला दिवस पर समाज को यह प्रेरणा दी कि रक्तदान और अंगदान न केवल एक दान है, बल्कि यह जीवन की सबसे बड़ी मदद है। रेड क्रॉस सोसाइटी सरगुजा शाखा के कोऑर्डिनेटर डॉ. अर्पण सिंह चौहान ने इन महिलाओं के समर्पण और कार्यों की सराहना करते हुए समाज से अपील की, ÷रक्तदान जीवन को बचाने का सर्वोत्तम तरीका है, और अंगदान जीवन को नए अवसर देने का। आइए, हम सब मिलकर इस महायज्ञ में अपनी भागीदारी निभाएं और समाज को बेहतर बनाने में योगदान दें।÷ इस प्रेरणादायक कदम से यह सिद्ध हो गया कि महिलाएं न केवल अपने परिवार और समाज के लिए बल्कि सम्पूर्ण मानवता के लिए एक मजबूत स्तंभ बन सकती हैं। डॉ. काजल, टेक्नीशियन संध्या सिंह सुमन यादव एवं काउंसलर अंजुला मिश्रा रक्त एकत्रित करने, सुरक्षित रूप से उसे जरूरतमंदों तक पहुंचाने, और अंगदान की महत्वता को समझाने के कार्यों में अग्रणी रही हैं। उनका यह कदम हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है कि हम भी अपने हिस्से का योगदान समाज को बेहतर बनाने में करें। इस महिला दिवस पर आइए, हम भी इनसे प्रेरणा लेकर रक्तदान और अंगदान के इस महा अभियान का हिस्सा बनें। याद रखें, आपका एक छोटा सा कदम किसी के जीवन में खुशियों की नई किरण जला सकता है।

## होली त्योहार से पूर्व आबकारी की कार्रवाई 49 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।



बलरामपुर जिले के ग्राम कुर्लूडीह निवासी एक व्यक्ति होली में खपाने के लिए मध्य प्रदेश का लेवल लगा हुआ 5 पेटी अंग्रेजी शराब अपने घर में रखा था। संभागीय आबकारी उडन्दस्ता टीम ने शनिवार को कार्रवाई की है। टीम ने आरोपी के कब्जे से कुल 45 लीटर अवैध अग्रेजी शराब जब्त किया है। टीम ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं एक अन्य मामले में टीम ने 4 लीटर शराब जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार होली त्योहार पर अवैध शराब की बिक्री बढ़ जाती है। इस पर नियंत्रण के लिए उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा ने सख्त कार्रवाई के निर्देश संभागीय उडन्दस्ता टीम को दिए थे। इसी क्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचला मिली की बलरामपुर जिले के सनावल थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्लूडीह निवासी शिवकुमार सरूता होली त्योहार के दौरान बिक्री के लिए काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब अपने घर में रखा है। मुखबिर की सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने टीम के साथ शिवकुमार सरूता के घर की छापेमारी कर मध्य प्रदेश राज्य की पांच पेटी कुल 45 लीटर गोवा व्हिस्की शराब बरामद की है। टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 34(1)34(2) 36 एवं 59 ( क) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं टीम ने सनावल थाना क्षेत्र के ही ग्राम डुमरपान निवासी ईश्वर साहू के घर छापेमारी की तो उसके कब्जे से उत्तर प्रदेश राज्य की इंपीरियल ब्लू की 8 नग अद्धी बरामद किया है। टीम ने उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क, 36 के तहत कार्रवाई की है। दोनों कार्रवाई में आबकारी मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी नगर सैनिक गणेश पांडेय एवं रणविजय सिंह, नगर महिला सैनिक राजकुमारी उपस्थित रहे।



## फुड प्वाइजनिंग से महिला की मौत,बेटा व पोती भी हुए थे पीड़ित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।

3 मार्च को एक महिला सहित तीन लोग फुड प्वाइजनिंग के शिकार हो गए थे। सभी को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जबकि उसके बेटा व पोती के स्वास्थ्य में सुधार होने पर डिस्चार्ज कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सभी अंडाकरी व समुद्री झिंगा मछली खाए थे।

जानकारी के अनुसार सीमा देवी पति विजय कुमार उम्र 51 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के समलाया मंदिर के पास की रहने वाली है। उसके घर में तीन मार्च की दोपहर अंडा करी व समुद्री झिंगा मछली बना था। भाजन सीमा देवी, उसका पुत्र जय (22) व पोती दीक्षा (12) सहित अन्य लोगों ने किया था। भोजन करने के कुछ देर बाद इन तीनों की तबियत विगडने लगी। तीनों उल्टी-दस्त करने लगे। तीनों को शहर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां महिला की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था। परिजन उसे शहर के अन्य निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां 7 दिन बाद शुक्रवार की देर राम सीमा देवी की मौत हो गई। हालांकि परिजन ने झिंगा मछली खाने से इंकार किया है। परिजन का कहना है कि 3 मार्च को घर के सदस्य अंडा करी व चावल खाए थे। फुड प्वाइजनिंग से महिला की मौत हो गई है। वहीं फुट प्वाइजनिंग के शिकार हुए महिला के बेटा व पोती के स्वास्थ्य में सुधार है। दोनों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। हालांकि मृतका के शव का पीएम नहीं कराया गया है। परिजन ने शनिवार की दोपहर उसका अंतिम संस्कार भी कर दिया है।

## हादसे में घायल नवनिर्वाचित सरपंच की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।



लखनपुर विकासखंड के ग्राम गोरता के नवनिर्वाचित सरपंच पंचराज की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। कुछ दिन पूर्व जगन्नाथपुरी ओड़िशा से वापस आने के दौरान कार अनियंत्रित होकर पलट गई थी। हादसे में सरपंच गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। वहीं वाहन में सवार अन्य लोग भी घायल हुए थे। गंभीर रूप से जख्मी सरपंच का इलाज रायपुर में चल रहा था। स्थिति में सुधार न होने पर उसे वापस लेकर आ रहे थे। जहां रास्ते में 7 मार्च की रात में उसकी मौत हो गई। सरपंच का अंतिम संस्कार शनिवार को गांव के मुक्तिधाम में किया गया।

जानकारी के अनुसार सरपंच का चुनाव जीतने के बाद पंचराज सिंह अपनी मां सहोदरी बाई और गांव के केवल साय, रामधनु केवल, कौशल्या, इंद्रावती, रवि कुमार के साथ कार क्रमांक सीजी 29 ए ई 9868 से जगन्नाथपुरी उड़िशा दर्शन करने गए थे। वहां से सभी वापस लौट रहे थे। वाहन मुकेश कुमार चल रहा था। लेलूंगा पहुंचने से पहले जंगल में चालक को झपकी आ गई। इससे वाहन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में सरपंच पंचराज सहित सभी घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए लेलूंगा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया था। यहां पंचराज की स्थिति को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने अंबिकापुर रेफर कर दिया था। परिजन अंबिकापुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। स्वास्थ्य में सुधार न होने और स्थिति को गंभीर देखते हुए यहां से भी चिकित्सकों ने रायपुर के लिए रेफर कर दिया था। रायपुर में कुछ दिनों तक इलाज के बाद भी स्थिति में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने परिजन को उसे घर ले जाने की सलाह दी थी। चिकित्सकों के कहने पर परिजन घर ला रहे थे। तभी 7 मार्च की रात करीब 10.30 बजे रास्ते में उसकी मौत हो गई। लखनपुर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और परिजन को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया। गांव में ही शनिवार की शाम मुक्तिधाम में सरपंच का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# सरगुजा की बुआ वंदना दत्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने अंगदान करने का लिया संकल्प

- संवाददाता -
अंबिकापुर,08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।



विश्व महिला दिवस के अवसर पर समाज सेविका वंदना दत्ता के नेतृत्व में 50 स्थानीय महिलाओं ने अंगदान करने का संकल्प लिया है। यह पहल समाज में जागरूकता फैलाने और अंगदान के महत्व को समझाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। वंदना दत्ता, जिन्हें सरगुजा में 'बुआ' के नाम से जाना जाता है, उन्होंने इस अभियान के माध्यम से महिलाओं को अंगदान के प्रति प्रेरित किया और उन्हें यह समझाया कि एक अंगदान से कई जीवन बचाए जा सकते हैं। वंदना दत्ता ने इस पहल को लेकर कहा कि महिला दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम समाज के हर हिस्से में बदलाव ला सकती हैं। अंगदान एक ऐसा कार्य है जो केवल जीवन बचाने का काम नहीं करता, बल्कि यह हमारी मानवता का प्रतीक भी है। आज हम महिलाएं मिलकर यह संकल्प ले रही हैं कि हम अपनी यह प्रेरणा दूसरों तक पहुंचाएं और अंगदान को एक समाजिक दायित्व मानकर इसे अपनाएं।

रेड क्रॉस सोसाइटी सरगुजा शाखा के चेयरमैन आदितेश्वर शरण सिंह देव ने कहा, महिला दिवस हमें महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने के लिए प्रेरित करता है, लेकिन इस वर्ष, हम इसे एक नए दृष्टिकोण से मनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं। अंगदान संकल्प से हम समाज में एक ऐसा संदेश भेज रहे हैं, जिसमें हम न केवल अपनी जिंदगी बल्कि दूसरों की जिंदगी को भी बेहतर बना सकते हैं।

रेड क्रॉस सोसाइटी सरगुजा शाखा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और अंगदान संकल्प पत्र भरे। इस कदम से यह संदेश गया कि महिलाएं समाज के हर पहलू में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं, चाहे वह स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो या सामाजिक दायित्वों में। वंदना दत्ता के नेतृत्व में यह अभियान सरगुजा जिले के हर कोने में फैलने की उम्मीद है, जहां महिलाएं न केवल अपने परिवारों के लिए बल्कि समाज के लिए भी जीवन रक्षक बन सकती हैं। इस अवसर पर, रेड क्रॉस सोसाइटी के आजीवन सदस्य आर्यन सिन्हा (आयुष) ने अंगदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उपस्थित महिलाओं को प्रेरित किया कि वे इस नेक कार्य में भाग लें। सरगुजा की बुआ वंदना दत्ता ने भी इस पहल के जरिए समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया।



# ब्रिटेन के पेय उद्योग में नई ऊंचाइयां छू रहीं भारतीय महिलाएं, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ सम्मान

**लंदन,08 मार्च 2025।** महाराजा ड्रिंक्स कंपनी भारत में तैयार पेय उत्पादों को ब्रिटेन के बाजारों में पहुंचा रही है। कंपनी ने आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर उन भारतीय महिलाओं का सम्मान किया, जो इस उद्योग में नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। इस कंपनी का शुभारंभ हाल ही में किया गया।

कंपनी ने बताया कि शराब उद्योग पर पारंपरिक रूप से पुरुषों का दबदबा रहा है, लेकिन हाल के वर्षों में भारतीय महिलाओं द्वारा संचालित पेय उद्यमों और व्यवसायों की बाढ़ आ गई है। एक महिला ने बैंकिंग क्षेत्र को छोड़ बारटेंडिंग शुरू की है और अब वह अपने घर में रम बनाती हैं। वह दार्जिलिंग में एक चाय उद्यम के साथ मिलकर काम कर रही हैं। इस चाय उद्यम से आठ गांवों की 350 महिलाएं जुड़ी हुई हैं। महाराजा ड्रिंक्स ने कहा कि वह महिलाओं के कौशल को ब्रिटेन में मुकाम दिलाने के लिए काम कर रही है।

### ब्रिटेन में शराब खरीदने वालों में अधिकांश महिलाएं

महाराजा ड्रिंक्स की सोफिया लोंगी बताती हैं कि ब्रिटेन में बेची जाने वाली अधिकांश शराब महिलाएं खरीदती हैं। अधिकांश महिलाएं शराब बना रही हैं, बेच रही हैं और शराब के बारे में बात कर रही हैं। उन्होंने कहा, महाराजा ड्रिंक्स में शराब की आपूर्तिकर्ता भी महिलाएं हैं।



### महाराष्ट्र, कर्नाटक और गुजरात के फलों से बनाती है रिदम वाइनरी

विदिता मुंगी रिदम वाइनरी कंपनी चलाती हैं, जो लगातार अपनी पहचान रही है। यह कंपनी विभिन्न फलों को मिलाकर पेय बनाती है। इसमें महाराष्ट्र,कर्नाटक और गुजरात के खेतों-बागानों से फलों का उपयोग किया जाता है। नासिक की किरण पाटिल रेवेइलो वाइन्स नाम का व्यवसाय चलाती हैं। वह कला और विज्ञान के तालमेल के साथ सौ फीसदी शाकाहारी मादक पेय बनाती हैं।

### महाराजा ड्रिंक्स ने दो महिलाओं के काम को दिया बढ़ावा

कस्तूरी बनर्जी पहले बैंकर थीं, लेकिन अब वह बारटेंडर बन गई हैं। उन्होंने स्टिलडिस्टिलिंग स्पिरिट्स नाम की कंपनी शुरू की है, जो माका जाई नाम की सफेद और गोल्ड रम बनाती है। वर्णा भट एक भारतीय वोडका रहस्य की निर्माता हैं, जो स्थानीय समाग्री का उपोयग करके बनाई जाती है। गैर-मादक पेय पदार्थों के क्षेत्र में महाराजा ड्रिंक्स ने दो महिलाओं के काम को बढ़ावा दिया है। पहली हुस्ना तारा प्रकाश हैं, जो दार्जिलिंग की पहाड़ियों से ग्लेनबर्न चाय बनाती हैं। दूसरी मुस्कान खन्ना हैं, जो कन्नूर में टी एन टीज नाम का महिला नेतृत्व वाला चाय उद्यम चलाती हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के नेता को 40 साल की सजा,पांच महिलाओं के यौन शोषण का दोषी




**नई दिल्ली,08 मार्च 2025।** ऑस्ट्रेलिया में भारतीय मूल के एक व्यक्ति को कोरिया की पांच महिलाओं के साथ बलात्कार करने के मामले में 40 साल की सजा सुनाई गई है। इस सजा में 30 साल की गैर-पैरोल अवधि भी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह अपराध सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया।

43 वर्षीय बलेश धनखड़ को शुक्रवार को डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में सजा सुनाई गई, जहां वह अदालत में बिना किसी भावनात्मक प्रतिक्रिया के बैठा रहा। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व आईटी कंसल्टेंट धनखड़ ने नकली जॉब विज्ञापन देकर महिलाओं को अपने जाल में फंसाया। इसके बाद, उन्होंने सिडनी स्थित अपने घर या उसके आसपास इन महिलाओं को नशीला पदार्थ देकर उनके साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म किया।

इतना ही नहीं, आरोपी ने अपने कृत्यों को रिकॉर्ड भी किया ताकि भविष्य में इसका यौन संतोष के लिए उपयोग कर सके।

कोर्ट में जज माइकल किंग ने धनखड़ की हरकतों को सुनियोजित,विस्तारपूर्वक अंजाम दी गई, चालाकी भरा करार दिया। उन्होंने कहा कि धनखड़ ने अपनी यौन इच्छाओं की पूर्ति के लिए पीड़ितों की तकलीफों की पूरी तरह से निर्दयता और निर्ममता से अनदेखी की।

यह मामला ऑस्ट्रेलिया में बड़े पैमाने पर चर्चा का विषय है और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।

# कनाडा के टोरंटो में गोलीबारी पब में फायरिंग से 12 लोग घायल; हमलावर की तलाश जारी




**टोरंटो, 08 मार्च 2025।** पूर्वी टोरंटो के एक पब में गोलीबारी की घटना हुई है। इस गोलीबारी में 12 लोग घायल हुए हैं। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात को टोरंटो के स्कारब्रो टाउन सेंटर मॉल के नजदीक स्थित पब में गोलीबारी हुई। घायलों में कई की हालत गंभीर है। हमलावर फरार है, जिसकी पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार रात करीब 10.40 बजे हुई।

पुलिस ने दी ये जानकारी

शुरुआत में 11 लोगों के घायल होने की खबर थी, लेकिन बाद में कनाडा पुलिस ने 12 लोगों के घायल होने की पुष्टि की। घायलों में से छह को मामूली चोटें लगी हैं, अन्य की चोटें गंभीर बताई जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध हमलावर ने काला जैकेट पहना हुआ था और वह एक सिल्वर रंग की कार में भागता हुआ देखा गया। पुलिस ने लोगों को घरों के भीतर ही और चौकन्ना रहने की सलाह दी है। ताजा अपडेट में पुलिस ने बताया है कि हमले में तीन लोग शामिल हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस संदिग्धों की तलाश में जुटी है।

उल्लेखनीय है कि साल 2022 में भी कनाडा के नोवा स्कोटिया में गोलीबारी की घटना हुई थी, जिसमें 22 लोगों की मौत हुई थी। उसे कनाडा के इतिहास की सबसे खतरनाक गोलीबारी की घटना माना जाता है।

# उत्तर कोरिया ने पहली बार दिखाई परमाणु पनडुब्बी की झलक,अमेरिका और दक्षिण कोरिया की बढ़ेगी चिंता

**नई दिल्ली,08 मार्च 2025।** उत्तर कोरिया ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली निर्माणाधीन पनडुब्बी को पहली बार दुनिया के सामने पेश किया है। यह घातक हथियार दक्षिण कोरिया और अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। शनिवार को उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने इस पनडुब्बी की तस्वीरें जारी की। इस दौरान किम जोंग उन ने उस शिपयार्ड का दौरा किया जहां यह युद्धपोत का निर्माण किया जाता है।

कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंस या केसीएनए ने पनडुब्बी से जुड़ी ज्यादा जानकारी साझा नहीं की लेकिन कहा कि किम जोंग उन को इसके निर्माण के बारे में जानकारी दी गई। दक्षिण कोरियाई परमाणु पनडुब्बी विशेषज्ञ मून केउन-सिक सियोल के हानयांग विश्वविद्यालय में पढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पनडुब्बी 6 या 7 हजार टन क्लास की हो सकती है और यह 10 मिसाइलों को ले जाने में सक्षम है। उन्होंने बताया कि इस तरह के हथियारों को स्ट्रैटिजिक गाइडेड मिसाइल कहा जाता है। आसान भाषा में कहें तो यह परमाणु संपन्न हथियारों को ले जाने में सक्षम पनडुब्बी है।



किम जोंग उन ने 2021 में एक बड़े राजनीतिक आयोजन के दौरान घातक और एडवांस हथियार विकसित करने की कसम खाई थी ताकि अमेरिका की अगुवाई में मिलने वाली सैन्य चुनौती का सामना किया जा सके। इसी के तहत परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा कई अन्य हथियार भी विकसित किए जा रहे हैं जिनमें अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें, हाइपरसोनिक हथियार, जासूसी उपग्रह और मल्टी-वॉरहेड मिसाइलें शामिल हैं।

उत्तर कोरिया का पानी के नीचे से मिसाइल दागने की क्षमता हासिल करना उसके विरोधियों के लिए चिंता का सबब बन सकता है। इस तरह के हथियारों का दागे जाने से पहले पता लगाना मुश्किल होता है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि भारी प्रतिबंधों और गरीबी का सामना कर रहा नॉर्थ कोरिया न्यूक्लियर पनडुब्बियों के निर्माण के लिए संसाधन और तकनीक कैसे हासिल कर रहा है।

पनडुब्बी विशेषज्ञ मून इस बात का जवाब देते हैं। उनका कहना है कि उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस को सैनिकों और पारंपरिक हथियार की आपूर्ति कर रहा है। इसके बदले में रूस से उसे न्यूक्लियर पनडुब्बी बनाने के लिए जरूरी तकनीक मिल रही है। मून की मानें तो उत्तर कोरिया 1-2 साल में इस पनडुब्बी को लांच कर सकता है ताकि तैनाती से पहले इसकी क्षमताओं को परखा जा सके।

अनुमान के मुताबिक उत्तर कोरिया के पास डीजल से चलने वाली 70-90 पनडुब्बियां हैं जो इसे दुनिया के सबसे बड़े बेड़ों में शुमार करती है। हालांकि, इनमें से ज्यादातर पनडुब्बियां पुरानी हैं जो केवल टॉरपीडो और माइंस लांच करने में सक्षम हैं। इनसे मिसाइल नहीं दागी जा सकती हैं।

2023 में नॉर्थ कोरिया ने कहा था कि उसने सामरिक परमाणु हमला करने वाले पनडुब्बी लांच की है लेकिन विदेशी विशेषज्ञों ने इस दावे पर संदेह जताया था। उनका मानना था कि यह संभवतः 2019 में घोषित डीजल संचालित पनडुब्बी थी।

# पाकिस्तान में गहराया जल संकट, जल प्राधिकरण ने किसानों को दी चेतावनी- 35 फीसदी तक हो सकती है कमी

**इस्लामाबाद,08 मार्च 2025।** पाकिस्तान इन दिनों पानी की कमी से जूझ रहा है। अब पाकिस्तान के जल प्राधिकरण ने देश के किसानों से अपील की है कि इस साल 35 प्रतिशत तक पानी कम उपलब्ध रहेगा, ऐसे में वे हालात के लिए तैयार रहें। दरअसल पाकिस्तान के दो प्रमुख जलाश्यों में पानी की भारी कमी है। पाकिस्तान के जल प्राधिकरण की यह चेतावनी ऐसे समय आई है, जब पाकिस्तान में गेंहू की फसल का मौसम चरम पर है, लेकिन इस फसल के लिए ज्यादा पानी की जरूरत है।



पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, इंडस रिवर सिस्टम अथॉरिटी (Irsa) ने शुक्रवार को पंजाब और सिंध के किसानों को 35 फीसदी पानी की कमी के लिए तैयार रहने को कहा है। पाकिस्तान के तरबेला और मंगला बांधों में तेजी से पानी तय मानकों से कम हो रहा है। प्राधिकरण ने सिंचाई सचिवों को पत्र लिखकर यह जानकारी दी है। इंडस रिवर सिस्टम अथॉरिटी के ताजा आंकड़ों के अनुसार, तरबेला बांध में पानी का स्तर 1409 फीट है, जो तय न्यूनतम मानकों से सिर्फ नौ फीट ज्यादा है। तरबेला बांध में 17 हजार क्यूसेक पानी आता है, वहीं बांध से 20 हजार क्यूसेक पानी निकाला जाता है।

### पाकिस्तान के दोनों प्रमुख जलाश्यों में पानी की भारी कमी

इसी तरह से मंगला बांध में अपने न्यूनतम जल स्तर से महज 28 फीट ज्यादा ही पानी मौजूद है। मंगला बांध में हर रोज 16,400 क्यूसेक पानी आता है और बांध से रोजाना 18 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाता है। यही वजह है कि दोनों जलाश्यों में तेजी से पानी कम हो रहा है। इसरा ने आशंका जताई है कि कुछ ही दिनों में दोनों जलाश्यों में पानी अपने न्यूनतम स्तर को छू सकता है। पाकिस्तान में अभी गेहूं की फसल की बुवाई चल रही है, ऐसे में पानी की कमी का व्यापक असर पड़ सकता है। हालांकि बीते दिनों हुई बारिश से किसानों को थोड़ी राहत मिली है। पाकिस्तान की जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी 24 फीसदी है। साथ ही पाकिस्तान में विदेशी मुद्रा आय का सबसे बड़ा स्त्रोत भी खेती ही है।

# घर के सामने खड़े बोलेरो वाहन को अज्ञात चोरों ने किया पार जांच में जुटी पुलिस






\- संवाददाता -

**लखनपुर,08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबिकापुर बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 स्थित लखनपुर नगर के वार्ड क्रमांक 9 में घर के सामने खड़े बोलेरो वाहन को 8 मार्च दिन शनिवार की सुबह लगभग 4 बजे अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया है। बोलेरो वाहन चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। प्रार्थी शिव भरोस पिता रामचरण वार्ड क्रमांक 09 नगर पंचायत लखनपुर निवासी ने लखनपुर थाना पहुंच रिपोर्ट दर्ज कराया की वह अपने घर के सामने बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 15 B 3979 को खड़ा किया हुआ था। शनिवार की सुबह उठ कर देखा तो बोलेरो वाहन उक्त स्थान पर खड़ा नहीं था।अज्ञात चोरों के द्वारा बोलेरो वाहन को चोरी कर लिया गया है। लखनपुर पुलिस धारा 303(2)BNS का अपराध दर्ज करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

# दो आरोपियों के कब्जे से 8 लीटर महुआ शराब जब्त

\- संवाददाता -

**अंबिकापुर,08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** थाना गांधीनगर व धौरपुर पुलस ने अवैध महुआ शराब बिक्री किए जने के मामले में कार्रवाई की है। दोनों थाने के पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्रवाई कर 4-4 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।



गांधीनगर पुलिस ने अजिरमा निवासी राजकुमार ड्क्षसह के कब्जे से 4 लीटर व धौरपुर पुलिस ने ग्राम डुमकी निवासी चन्दरसाय के कब्जे से 4 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों मामले में वैधानिक कार्रवाई की है। वहीं कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने के मामले में आरोपी अभिषेक सोनहा के खिलाफ कार्रवाई की है। यह गाड़ाघाट मेन रोड में बैठकर शराब सेवन कर रहा था।



# घरौंदा आश्रय गृह में भी मनाया गया महिला दिवस

\- संवाददाता -

**अंबिकापुर,08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** घरौंदा आश्रय गृह मानसिक दिव्यांग केन्द्र अम्बिकापुर में संस्था द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस दौरान संस्था में रह रहीं महिलाओं को उपहार भेंट किया गया। संस्था के संचालिका रीता अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं की भागिदारी के बिना समाज की प्रगति संभव नहीं है। हमें समानता और सशक्तिकरण के प्रयासों को और अधिक मजबूत करना होगा। वहीं अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन अम्बिकापुर एवं महिला पतंजलि योग समिति एवं मातृ शक्ति गोपाल गौ सेवा द्वारा महिला दिवस के अवसर पर रीता अग्रवाल को सम्मानित किया है।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष पाषदों को एसडीएम ने दिलाया शपथ

## फिर हुआ उपाध्यक्ष का चुना,नगर पंचायत कुसमी से भाजपा के आनंद जायसवाल बने उपाध्यक्ष

\- संवाददाता -

**कुसमी,08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।** नगर पंचायत कुसमी के प्रागंण में नवनिवार्चित अध्यक्ष और पाषदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शनिवार को विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के अध्यक्षता में किया गया जहां पर एसडीएम करुण डहरिया ने अध्यक्ष राजेन्द्र भगत समेत सभी 15 वार्डो के पाषदों को बारी- बारी से शपथ दिलाया,शपथ ग्रहण समारोह के मंच से विधायक उद्धेश्वरी पैंकरा ने नवनिवार्चित अध्यक्ष सहित सभी पाषदों को बधाई दिया,वही लोगो को सम्बोधित करते हुये कहा कि नगर पंचायत कुसमी की जनता की समस्या को हल करने मै पक्ष विपक्ष सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए वही मै भी जनता के हित के लिये कार्य करुगी,वही शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम के खत्म होने के तुरंत बाद नगर पंचायत कुसमी के सभाकक्ष में सभी पाषर्द गण नगर पंचायत उपाध्यक्ष के चुनाव में चले गये जहां एसडीएम करूण डहरिया सीएमओ अरविन्द विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी ने नगर पंचायत उपाध्यक्ष का निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू किया,जहां तीन अभ्यर्थीयों ने फार्म भरा जिनमें एक अभ्यर्थी का फार्म रिजेक्ट हो गई और भाजपा के आनंद जायसवाल कांग्रेस के वाहिद अली के बीच चुनाव हुआ जिसमें आनंद जायसवाल के पक्ष में 10 वोट मिले और आनंद जायसवाल ने जीत दर्ज की वही चुनाव जीतने के बाद भाजपा के लोगो में खुशी की लहर फैल गई,लोगो ने आनंद जायसवाल के बाहर आते हि उन्हे फुलमाला पहनाकर बधाई दिया साथ हि जोरदार आतिशबाजी कर भाजपा के कार्यकत्ताओं एवं पदाधिकारीयों ने बैंड बाजा के साथ विजय रैली शहर के सड़क पर निकालकर जश्न मनाया।शपथ ग्रहण समरोह में जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निंकुज,जनपद अध्यक्ष बंसती भगत,जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी,पुर्व जनपद अध्यक्ष हुमंत सिंह पुर्व उपाध्यक्ष हरिश मिश्रा, पुर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोर्वधन भगत पुर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष जावेद रहमानी,वरिष्ठ भाजपा नेता जन्मजेय सिंह,उमेश्वर ओझा,राजेश्वर गुप्ता विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण पैकरा,विनोद गुप्ता,बालेश्वर नायक,विजय गुप्ता,सहित काफी संख्या में भाजपा कांग्रेस के कार्यकत्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ आम जनता शामिल रहे।







# हमारी संस्कृति में हमेशा से महिलाओं का रहा है सर्वोच्च सम्मानःमुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम में शामिल होकर 353 नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद








-संवाददाता-
जशपुरनगर,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के सलियाटोली स्थित मिनी स्टेडियम में शनिवार को स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव की स्मृति में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान की स्तुति कर वैदिक रीति रिवाज से विवाह मंडप की अर्चना कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने जोड़े को उपहार देते हुए आशीर्वाद भी दिया। उन्होंने सभी जोड़ों के पास जाकर उनपर पुष्प वर्षा कर अपना आशीष दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय। ने नवविवाहित जोड़ों को उनके दाम्पत्य जीवन को सफल बनाने के लिए आशीर्वाद स्वरूप मंगल संदेश का वाचन किया। उन्होंने स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव को नमन करते हुए कहा कि हम सभी के लिए आज बहुत ही हर्ष का विषय है कि हमारे 353 बेटियों का विवाह सभी नक्षत्रों आम पंचतत्वों को साक्षी बना कर संपन्न कराया जा रहा है। आप सभी का दाम्पत्य जीवन प्रेम और विश्वास के आधार पर सदैव सुखी रहे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी माताओं एवं बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में पौराणिक युग से लेकर हमेशा से महिलाओं को सर्वोच्च पद दिया गया है। आज देश के सर्वोच्च पद पर भी एक महिला विराजमान हैं। खेल जगत से लेकर अंतरिक्ष तक हर जगह महिलाओं ने अपना वर्चस्व स्थापित किया है।

उन्होंने आगे बताया कि प्रदेश के विकास के लिए इस बार एक विकासात्मक बजट बनाया गया है। जिसमें जशपुर के विकास के लिए भी बहुत से कार्यों के लिए राशि आबंटित की गई है। जिसके तहत पिछले बजट में जहां कुनकुरी में 220 बिस्तर में अस्पताल निर्माण की घोषणा हुई थी इस वर्ष कुनकुरी में मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए घोषणा की गई है। इज़के अतिरिक्त स्वास्थ्य क्षेत्र में वृद्धि के लिए नवीन शासकीय नर्सिंग कॉलेज, जशपुर में प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है। सिरिमकेला जशपुर में पीएचसी की स्थापन एवं कोतबा जशपुर में सीएचसी का उन्नयन भी किया जाएगा। कस्तूरा तहसील दुलदुला में आईटीआई, जशपुर में फुटबॉल स्टेडियम, बैडमिंटन कोर्ट, मिनी स्टेडियम एवं इन्डोर हॉल का निर्माण भी किया जाएगा। जशपुर में योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र की स्थापना के साथ पर्यटन के विकास के लिए जशपुर में पर्यटन सर्किट का विकास किया जाएगा। जिसमें पंडरापाट, मयाली, कैलाशगुफा, मैनपाट आदि को शामिल किया जाएगा। विश्व के सबसे बड़े प्राकृतिक शिवलिंग की ख्याति प्राप्त मधेश्वर महादेव पर्वत के निकट मयाली पर्यटन क्षेत्र में एडवेंचर टूरिज्म अंतर्गत वाटर स्पोर्ट गतिविधियों के विकास एवं जशपुर में नवीन सायबर थाने खोलने का निर्णय लिया गया है।

पत्थलगांव विधायक एवं उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण श्रीमती गोमती साय ने कहा कि आज हम सभी के लिए स्मरणीय दिन है हम सभी के आदर्श स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव के जयंती दिवस पर 353 महिला शक्ति नव दाम्पत्य जीवन की शुरुआत कर रहीं हैं। विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत ने सभी को अंतर्राष्टीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज जशपुर की बेटियां विवाह के पवित्र बंधन में बंधने जा रहीं हैं। यहीं वे महिलाएं हैं जो कभी मां कभी बहु तो कभी बेटी तो समय आने पर हर क्षेत्र में विजय का परचम लहरा रहीं है। हम सभी को इस मातृशक्ति का सम्मान करना चाहिए।

इस अवसर पर विधायक पत्थलगांव एवं उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण श्रीमती गोमती साय,विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत, कमिश्नर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजी श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जिला पंचायत सदस्य श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव सहित श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, श्री कृष्ण कुमार राय, श्री राजेश कुमार गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत प्रत्येक जोड़े के विवाह में राज्य सरकार द्वारा 50 हजार की राशि खर्च की जाती है। पहले यह राशि 25 हजार थी, जिसे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार द्वारा बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया है। इनमें 35 हजार रुपए की प्रोत्साहन और परिवहन राशि का चेक मुख्यमंत्री ने नव विवाहित जोड़ों को सौंपा। शेष राशि से वर और वधू दोनों के लिए आभूषण, श्रृंगार, वस्त्र एवं अन्य सामग्री प्रदान किए गए।

# विष्णुदेव साय ने स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव की स्मृति में आयोजित वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर किया शुभारंभ

**मुख्यमंत्री ने प्रति वर्ष 8 मार्च को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजन करने की घोषणा की**

**शिविर में एम्स रायपुर के चिकित्सकों के द्वारा मरीजों का किया जा रहा है उपचार**

**शिविर जिला प्रशासन, जशपुर द्वारा एम्स रायपुर के सहयोग से किया गया है आयोजित**



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज कुनकुरी के सलियाटोली स्थित बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय मैदान में स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव की स्मृति में उनकी जयंती पर आयोजित वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का माँ सरस्वती, भारत माता, छत्तीसगढ़ी महतारी और स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रति वर्ष 8 मार्च को वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित करने की घोषणा की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के नागरिक स्वस्थ रहें और राज्य समृद्धि की ओर अग्रसर हो। इसी दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए इस वर्ष के बजट में जशपुर के कुनकुरी में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना का प्रावधान किया गया है। साथ ही जशपुर में शासकीय नर्सिंग कॉलेज और शासकीय फिजियोथेरेपी कॉलेज खोलने का निर्णय लिया गया है, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सुविधाओं के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को बेहतर उपचार मिलेगा और उन्हें इलाज के लिए अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से स्वास्थ्य शिविर का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यदि किसी मरीज में गंभीर बीमारी का पता चलता है, तो सरकार द्वारा रायपुर में उनके समुचित इलाज की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विशेषज्ञ विभागों के काउंटरों का अवलोकन कर डॉक्टरों से चर्चा की और उनके समर्पण व सेवा के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक एवं उपाध्यक्ष सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, कमिश्नर श्री नरेंद्र कुमार दुग्गा, आईजी श्री अंकित गर्ग, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्री शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, श्री प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, श्री कृष्णा राय, श्री राजेश कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं अनिल कुमार शुक्ला सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।



### एम्स रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सक कर रहे है उपचार

यह शिविर जिला प्रशासन,जशपुर द्वारा एम्स रायपुर के सहयोग से आयोजित किया गया है। शिविर में एम्स के मेडिसिन, सर्जरी, कैंसर, नाक-कान-गला, नेत्र, अस्थि, गुर्दा, चर्म, स्त्री रोग और मनोरोग के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर में जांच के दौरान पाए गए गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को रायपुर रेफर कर इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई जा रही है । शिविर में मरीजों के सुविधा के लिए 10 पंजीयन काउण्टर, 7 जनरल ओपीडी काउण्टर, 2 लेबोरेटरी काउण्टर, सभी विशेषज्ञ विभागों के पृथक-पृथक काउण्टर सहित जनरल वार्ड की सुविधा उपलब्ध है। शिविर में दोपहर 2.30 बजे तक शिविर में 7 हजार से अधिक मरीजों का पंजीयन हो चुका है।

### मुख्यमंत्री ने आयुष्मान कार्ड और टीबी मरीजों को फूड बास्केट का किया

शिविर में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना अंतर्गत सुंदर यादव, सुनिता बाई, भगवती सिंह, फ्रांसिस तिग्गा, प्लासिदियस केरकेट्टा, खिलासो बाई को आयुष्मान कार्ड एवं वय वंदना कार्ड वितरण किया। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत 10 टीबी मरीजों को फूड बास्केट का भी वितरण किया। मुख्यमंत्री ने टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टीबी मरीजों के सेवा के लिए निक्षय मित्रों को किया सम्मान मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत टीबी मरीजों के सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यो के लिये निक्षय मित्रों को सम्मानित किया। जिनमें सीएमएचओ जशपुर डॉ. जी. एस. जात्रा को टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदाय कर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिये, डीडीएम श्री निरंजन प्रसाद गुप्ता को जशपुर जिले के विशेष पिछडी जनजाति (पीवीटीजी) पहाडी कोरवा एवं बिरहोर समुदाय के सभी टीबी मरीजों की जिम्मेदारी लेकर उन्हें पोषण सहयोग प्रदाय कर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिये और श्री भरत रत्नम खुटे को टीबी मरीजों को पोषण सहयोग प्रदाय कर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में महत्वपूर्ण योगदान के लिये सम्मान किया गया।

# निर्विरोध नगर पंचायत उपाध्यक्ष बने संजय सिंह, समर्थकों ने किया स्वागत

-संवाददाता-
राजपुर (बलरामपुर),08 मार्च 2025 (घटती-घटना)।



आज राजपुर नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद हेतु होने वाले चुनाव में विधि विधान से एसडीएम राजपुर की मौजूदगी में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई जिसमें संजय सिंह निर्विरोध उपाध्यक्ष चुने गए हैं। संजय सिंह वर्तमान में भाजपा के जिला महामंत्री हैं और इससे पूर्व भी वह नगर पंचायत उपाध्यक्ष का पद संभाल चुके हैं। बलरामपुर जिले में ऊर्जावान युवा भाजपा नेता के रूप में लोकप्रिय संजय सिंह वर्तमान में जिले में भाजपा पार्टी के मजबूती के लिए लगातार कार्यरत है, एवं इन्होंने बूथ स्तर तक ग्रामीण युवाओं को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज राजपुर में वरिष्ठ भाजपा नेताओं की मौजूदगी में सभी पार्षद की मौजूदगी में संजय सिंह निर्विरोध नगर पंचायत उपाध्यक्ष बने। निर्विरोध निर्वाचित हो जाने की घोषणा होने के बाद बड़ी संख्या में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया और एक दूसरे को मिठाइयां पुष्पहार से स्वागत किया। विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा की मौजूदगी में नगर पंचायत उपाध्यक्ष संजय सिंह का अभिनंदन किया गया। नगर पंचायत राजपुर के अध्यक्ष धर्म सिंह के साथ मीडिया से संवाद करते हुए संजय सिंह ने कहा कि मैं राजपुर नगर की आकांक्षाओं के अनुरूप नगर के विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखूंगा और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन उनकी प्राथमिकता होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष धर्म सिंह एवं संजय सिंह ने सभी उपस्थित पार्षदों की मौजूदगी में आम जनों से कहा कि मेरी नगर पंचायत में मौजूदगी ही आम जनों की यहां पर मौजूदगी है और आपके सुख-दुख में आपके साथ खड़ा रहूंगा। पुराने परंपरा में बदलाव लाकर नगर पंचायत के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे और सबके मंशा अनुरूप त्वरित गति से राजपुर का विकास होगा। इस दौरान सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि सभी नगर पंचायत में भाजपा का परचम लहरा रहा है। राजपुर में अध्यक्ष के साथ भाजपा के जिला महामंत्री का उपाध्यक्ष बनने से विकास के नई संभावनाएं जन्म लेंगी और राजपुर का तेजी से विकास होगा। विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि वह राजपुरएवं कुसमी नगर पंचायत में सरकार की सभी योजनाओं को लागू करने में और पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराने में अपनी भूमिका निबाहेंगी। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण अग्रवाल, रामकिशुन सिंह, शिवनाथ जायसवाल, अध्यक्ष धर्म सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत प्रदीप जायसवाल अनिल दुबे मनोज बंसल, अनिल तिवारी, संतोष पाण्डेय, अनिल गुप्ता,उदय यादव नरेश अग्रवाल, राजन त्रिपाठी संतोष तिवारी, विश्वास गुप्ता,सुनील अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, अभिषेक चौबे,राकेश नाथ तिवारी,नीरज शर्मा,महेंद्र गुप्ता सीएमओ आर एस. लाल,सहदेव राम, विकास बंसल, रिंकू अग्रवाल, राहुल गुप्ता, राजेंद्र सिंह, राजा सिंह, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तीन महीने से लापता है युवकःअनहोनी के डर से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल, पिता ने आईजी से लगाई मदद की गुहार

-संवाददाता-
सीतापुर,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ के सीतापुर में पिछले तीन महीने से लापता बेटे की तलाश करने के लिए पिता ने पुलिस से गुहार लगाई है। उसने पुलिस महानिरीक्षक को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। वहीं तीन महीने से पति के लापता होने से पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम लीचिरमा निवासी अनिरुद्ध दास पिछले तीन महीने से लापता है। युवक शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। 19 नवंबर को उसने परिजनों को बताया कि, नल-जल योजना में उसे काम मिल गया है इसी सिलसिले में वह रघुनाथपुर जाने के लिए निकला था। लेकिन वह वहां न जाकर अपनी परिचित महिला से मिलने जशपुर जिले के कांसाबेल चला गया।




### तलाशने पर नहीं मिला कोई सुराग

इस बात जानकारी परिजनों को तब हुई जब युवक की बाइक कांसाबेल निवासी बुधनाथ के पास से बरामद हुई। बाइक मिलने के बाद उन्होंने युवक से संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उससे कोई संपर्क नहीं हो सका। रिश्तेदारों के यहां तलाशने पर भी उन्हें कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद युवक के पिता ने आईजी को ज्ञापन सौंपा और तलाश करने की गुहार लगाई।

# उमंग महिला एवं बाल उत्थान सोसाइटी ने महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित

-संवाददाता-
अम्बिकापुर,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उमंग महिला एवं बाल उत्थान सोसायटी अम्बिकापुर के द्वारा शहर के होटल मानस में कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को सम्मानित किया । उमंग महिला एवं बाल उत्थान सोसायटी की अध्यक्ष हिना खान ने अपने उद्बोधन में कहा कि सही मायने में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर परंपरा से हटकर उन महिलाओं को भी सम्मानित किया जाना चाहिए,जो चार - दिवारी के अंदर रहकर भी इस समाज को और देश को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। वे महिलाएं जो घर को स्वर्ग बनाती हैं ।जिन्हें हम गृह लक्ष्मी और न जाने क्या-क्या उपाधियां देते हैं । जिन्होंने अपने सारे सपने ,अपने पसंद ,नापसंद सब भूलाकर अपने परिवार की देखभाल में दिन-रात लगी रहती हैं । ये महिलाएं 24 घंटे काम करके भी यह कहलाती हैं कि कोई काम नहीं करती, ये घर पर ही रहती हैं । मगर हमारा समाज उनके बिना कभी आगे बढ़ ही नहीं सकता। इसके बावजूद भी इनके योगदान को नहीं माना जाता है। कई बार उनके लिए चंद अच्छी बातें तो कह दी जाती हैं । फिर भी इनको अपने घर में और घर के बाहर उचित सम्मान नहीं मिल पाता है । जिसकी यह हकदार होती हैं । जिस समय जब महिलाओं के सम्मान की बात आती है, तो हमारा समाज उन महिलाओं का सम्मान करता है जिन्होंने समाज में अपनी पहचान बनाई है। फिर चाहे वह कोई अधिकारी हो या कर्मचारी हो । किन्तु घरेलू महिलाओं के लिए अच्छी बातें कहकर हम फूले नहीं समाते । इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखते हुए अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर उमंग महिला एवं बाल उत्थान सोसाइटी के द्वारा घरेलू महिलाओं को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया । अन्तर्राष्टीय महिला दिवस 8 मार्च 2025 के शुभ अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में गृह लक्ष्मी श्रीमती शिमला पाण्डेय, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती खुश्बू निषाद , श्रीमती संध्या ,श्रीमती मोना मंदिलवार, श्रीमती शिव वेद, श्रीमती संगीता ,श्रीमती मंजू ठाकुर , श्रीमती रीना ठाकुर , संध्या सिंह , मनीषा वर्मा , शगुफ्ता, सीमा पाण्डेय को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संध्या ,शगुफ्ता, मनीषा, अराधना का सराहनीय योगदान रहा।

**कार्यालय कलेक्टर,(आदिवासी विकास) सूरजपुर,जिला-सूरजपुर,छ.ग.**
**संयुक्त जिला कार्यालय भू-तल,कक्ष क्रमांक जी-03**

E-mail ID- actwsurajpur@gmail.com

क्रमांक/2764/आ.वि./DMF/भंडार/न.क्र.-/2024-25 सूरजपुर,दि.-05.03.2025

//संक्षिप्त ई-निविदा सूचना//
(द्वितीय आमंत्रण)

ई-टेंडरिंग हेतु निर्धारित तिथि निम्नानुसार है:-

1. ई निविदा प्रारंभ - 07/03/2025 समय 11:00 बजे से
2. ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 13/03/2025 समय 17:30 बजे तक
3. निविदा लिफाफा प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि - 17/03/2025 समय 17:30 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि - 20/03/2025 समय 13:00 बजे से
5. निविदा प्रपत्र का मूल्य - 1500/- रू0

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | एकलब्य आदर्श आवासीय विद्यालय शिवप्रसादनगर बंजा भैयाथान,जिला सूरजपुर (छ0ग0) में -Virtual Reality Lab की स्थापना | 25.00 | 0.50 | 3 माह |

निविदा की सामान्य शर्तें व विस्तृत जानकारी छ.ग.शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in तथा सूरजपुर जिले के वेबसाईट http://surajpur.nic.in में देखी जा सकती है।

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास,सूरजपुर
जिला-सूरजपुर,छ0ग0

जी नंबर-242505808/1

**न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः, 202503020700036**

विषयः-ब-121 मामले की श्रेणीः-
राजस्व सन्ः-2024-25

नमनाकला प.ह.नं.00020(हे0)
पक्षकारों का विवरणः-
आवेदक पक्षकार-मीरा मिश्रा,
अनावेदक पक्षकार-छ0ग0 शासन,

**ईश्तहार**

आवेदिका मीरा मिश्रा पुत्री,सिंहासन तिवारी निवासी पंचदेव मंदिर के पास नमनाकला तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित भूमि खसरा नंबर 473/11,620/15 रकबा 0.008, 0.016 हे0 भूमि के द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 28/03/2025 के पुर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/03/2025 को जारी किया जाता हैं।

सील

तहसीलदार
अंबिकापुर

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

## नेशनल में गोल्ड मेडल विजेता महिला आरक्षक हुई सम्मानित,महिलाओं-बालिकाओं ने खेलकूद एक्टिविटी में किया शानदार प्रदर्शन





-संवाददाता-
सूरजपुर,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले की पुलिस के द्वारा महिला पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने पुलिस सेवा में अपने कर्तव्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई। डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को सम्मानित कर महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण,महिला सुरक्षा के प्रावधानों, साइबर अपराध, महिलाओं को प्राप्त मूलभूत अधिकार सहित कई अहम जानकारियों से अवगत कराने, विभिन्न प्रकार के खेलकूद एक्टिविटी कराने के निर्देश दिए थे।

शनिवार, 08 मार्च 2025 को पुलिस लाईन सूरजपुर में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो ने महिलाओं को सम्मानित करते हुए कहा कि महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, समानता और योगदान को सम्मान देना है। साथ ही महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका मकसद है। उन्होंने कहा कि हर सफलता के पीछे एक नारी की ताकत होती है, आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, कदम से कदम मिलाकर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले की महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी दक्ष है और निष्ठापूर्वक सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन कर रही है जिसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी। रक्षित केन्द्र में पदस्थ महिला आरक्षक पार्वती सिंह हाल में राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता 800 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतकर जिले की पुलिस का नाम रौशन किया है जिन्हें महिला दिवस के अवसर पर स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया।

महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं-बालिकाओं के लिए खेलकूद एक्टिविटी का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम सुनिता सिंह, द्वितीय शांती एक्का, चम्मच दौड़ में प्रथम वृन्दा सिदार, द्वितीय राधा सिंह, जलेबी दौड़ में प्रथम वृन्दा सिदार, द्वितीय सुनीता सिंह, जलेबी दौड़ बालिका में प्रथम रिया सिंह, द्वितीय रितिका राज, गिलास गिराने में महिला आरक्षक विमला खलखो, सिंधू कुजूर, चन्दा सिंह, चिंता पैंकरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जिन्हें स्मृति चिन्ह प्रदाय कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी ने निभाया। इस दौरान महिला पुलिस अधिकारी-कर्मचारी, महिलाएं-बालिकाएं व पुलिस लाईन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिले के समस्त थाना-चौकी में कार्यरत् महिला अधिकारी कर्मचारियों को थाना-चौकी प्रभारियों ने स्मृति चिन्ह व पुष्पगुच्छ भेंट कर महिला दिवस की बधाई देते हुए सम्मानित किया है।

# जीवन में खेल का बड़ा महत्वःमंत्री तोखन साहू



-संवाददाता-
कोरबा,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

डॉ भीमराव आंबेडकर ओपन ऑडिटोरियम परिसर के मैदान में आयोजित नवभारत ऊर्जा कप वुमेन प्रीमियर लीग टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय राज्यमंत्री आवासन एवं शहरी कार्य श्री तोखन साहू शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि नवभारत परिवार के द्वारा शानदार खेल का आयोजन ऊर्जा कप के रूप में किया गया। नवभारत अपने समाचार के माध्यम से ज्वलंत मुद्दों को रेखांकित करने में अग्रणी रहा है। गांव, जिला, प्रदेश तक की खबर हमें नवभारत में पढ़ने को मिलता है। इसके अलावा नवभारत सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाते हुए महिला सशक्तिकरण का सार्थक कदम उठा रहा है। मैदान पर आज एक टीम जीती है, उन्हें बधाई। हारने वाली टीम को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। मैदान में आप सबने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। आप सबने खेल भावना का परिचय देते हुए सभी का मन जीता है। हमारे जीवन में खेलकूद का बड़ा महत्व है। शारीरिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी है। खेलकूद से ही सहयोग व सामंजस्य की भावना आती है। गीता में कहा गया है कि कर्म करो फल की चिंता न करो। खेल मैदान भी हमें यही सिखाती है। हम मैदान पर फल की चिंता किए बगैर कर्म करते हैं। हम सभी को टीम भावना से खेलते रहना चाहिए। जो खेलते हैं वही जीतते हैं। मैदान में उतरना ही बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के बिना विकास की परिकल्पना को साकार नहीं कर सकते। नवभारत लगातार खेलों को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। नवभारत बिलासपुर द्वारा हॉकी, फुटबाल सहित अन्य खेलों का आयोजन किया जाता है। निश्चित ही नवभारत का यह प्रयास प्रशंसनीय है। इसके लिए नवभारत परिवार बधाई का पात्र है। उन्होंने प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता तथा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया।

नवभारत ऊर्जा कप वुमेन प्रीमियर लीग टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला पुलिस इलेवन बनाम बीके वेलफेयर की टीम के बीच खेला गया। निर्णायक मुकाबले में टॉस जीतकर पुलिस इलेवन की कप्तान ने पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बीके वेलफेयर को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बीके वेलफेयर की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 90 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी में पुलिस इलेवन ने शानदार प्रदर्शन कर मैच अपने नाम कर लिया। बीके वेलफेयर को उपविजेता की ट्राफी मिली। समापन समारोह में विशिष्ट अतिथियों में महापौर संजूदेवी राजपूत शामिल हुई। इस अवसर पर नवभारत कोरबा से नौशाद खान,अनिमेश सरकार, शेख असलम, रघुनंदन सोनी, नवाब हुसैन, देवनारायण पांडेय, राजेश प्रजापति, अली अंसारी, संदीप केशरवानी, शंकर दिव्य, निलेश देवांगन सहित बलराम साहू अन्य उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम ने चलाया बुलडोजर




-संवाददाता-
कोरबा,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

शहर की बेशकीमती शासकीय जमीनों पर बेजा कब्जा कर निर्माण कार्य करने वालों के कथित आरोपों पर नगर निगम द्वारा सख्त कार्यवाही का दौर एक बार फिर शुरु हो गया हैं। लोगों की शिकायत के आधार पर वार्ड नंबर चार राताखार में अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को निगम के तोड़ू दस्ते ने तोड़ दिया। बताया जा रहा हैं की कोरबा के निगम प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही एक बार फिर से शुरु कर दी हैं। शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकान को निगम के तोड़ू दस्ते ने तोड़ दिया। मामला नगर निगम के वार्ड नंबर चार राताखार बस्ती का है। जहां के कुछ स्थानीय लोगों ने एक महिला द्वारा शासकीय जमीन पर कब्जा कर अवैध रुप से मकान बनाए जाने की शिकायत की थी, जिसके बाद निगम का तोड़ू दस्ता मौके पर पहुंचा और बुलडोजर की सहायता से मकान को तोड़ दिया। मकान को नहीं तोड़े जाने की महिला ने काफी मिन्नतें की लेकिन निगम ने उसकी एक ना सुनी और मकान को तोड़ दिया।

# नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय स्नेह सदन वृद्धाश्रम का निरक्षण कर दिया आवश्यक निर्देश



-संवाददाता-
कोरबा,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

नगर निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय वृद्धजनों का कुशलक्षेम जानने स्नेह सदन वृद्धाश्रम पहुंचे, जहां उन्होने वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठजनों से भेंट-मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा,वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की,उन्हे किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है, इसकी जानकारी ली। वरिष्ठजनों को समय पर स्वल्पाहार, दोपहर का भोजन और रात का खाना देने, मनोरंजन के साधन व धार्मिक अध्यात्मिक विषयों की पुस्तकें पठन-पाठन हेतु उपलब्ध कराने सहित अन्य विभिन्न व्यवस्थाओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत की विशेष पहल पर कोरबा के माँ सर्वमंगला मंदिर के पीछे सर्वसुविधायुक्त वृद्धाश्रम स्नेह सदन का निर्माण कराया जाकर उसका सफल संचालन प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। जिसमे लगभग 60 वरिष्ठजनों के निवास, भोजन व दैनिक दिनचर्या आदि की क्षमता वाले उक्त स्नेह सदन में आवश्यक सुविधाओं के साथ-साथ सुबह का स्वल्पाहार, दोपहर एवं रात्रि का भोजन आदि की व्यवस्था की गई है। वृद्धाजनों के लिए आरामदायक बिस्तर, मनोरंजन हेतु टी.व्ही. आदि की बेहतर सुविधा वहॉं पर उपलब्ध है, साथ ही वरिष्ठजनों की सुरक्षा, भोजन व उनकी देखभाल हेतु कर्मचारी की नियुक्ति भी की गई है। आयुक्त श्री पांडेय ने स्नेह सदन पहुंचकर वृद्धजनों से भेंट-मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा, स्वास्थ्य की जानकारी तथा वृद्धाश्रम में उन्हें किसी प्रकार की समस्या तो नहीं है, इस पर भी चर्चा की। आयुक्त श्री पांडेय ने वृद्धजनों को निश्चित समय पर सुबह का नाश्ता तथा दोपहर व रात्रि का भोजन अनिवार्य रूप से दिए जाने, भोजन की पोष्टिकता पर विशेष ध्यान देने, वहॉं की साफ-सफाई पर कड़ी नजर रखने के निर्देश अधीक्षक को दिए। आयुक्त श्री पांडेय ने कहा कि स्नेह सदन में वरिष्ठजनों के मनोरंजन हेतु लगाई गई टी.व्ही. में धार्मिक व अध्यात्मिक विषयों से जुड़ी फिल्मां का प्रसारण कराएं, उनके पठन-पाठन हेतु धार्मिक व अध्यात्मिक विषयों की पुस्तकें भी वृद्धाश्रम में उपलब्ध कराएं तथा मनोरंजन के अन्य साधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें ताकि वहॉं पर वरिष्ठजनों का मनोरंजन हों, उनके मन में किसी प्रकार की उदासीनता न बनें। आयुक्त श्री पांडेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्नेह सदन परिसर में फूलदार पौधों का रोपण, पाथवे का निर्माण, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था तथा उद्यानिकी से जुड़े अन्य विविध कार्यो का संपादन कर परिसर को हरा-भरा बनाएं, ताकि परिसर के अंदर ही वरिष्ठजन सुबह-शाम भ्रमण कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। इस मौके पर जोन कमिश्नर एन.के. नाथ, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, यशवंत जोगी, प्रमोद जगत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिला सम्बन्धी अपराधों में पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार कार्यवाही

# शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म के मामले मे सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही,मामले का आरोपी किया गया गिरफ्तार



-संवाददाता-
सूरजपुर,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थिया दिनांक 03/03/25 कों महिला थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थिया का जानपहचान वर्ष 2018 मे गोधनपुर निवासी सौरभ तिवारी से हुआ था, जानपहचान होने के बाद सौरभ प्रार्थिया का मोबाइल नंबर लेकर बातचीत करता था, बातचीत के दौरान आरोपी पीड़िता से प्रेम सम्बन्ध स्थापित कर शादी करने का झांसा देकर वर्ष 2018 से वर्ष 2024 तक लगातार जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया हैं, और अब शादी करने से इंकार कर रहा हैं, मामले मे पीड़िता के रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध महिला थाना मे अपराध क्रमांक 02/25 धारा 64, 351(3) बी.एन.एस., 3(2)(1) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

दौरान विवेचना सम्पूर्ण कार्यवाही नगर पुलिस अधीक्षक श्री रोहित शाह के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा की गई, मामले मे महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पीड़िता का कथन लेख कर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था, दौरान पता तलाश पुलिस टीम के सतत प्रयास से आरोपी सौरभ तिवारी कों पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम सौरभ तिवारी आत्मज रविशंकर तिवारी उम्र 27 वर्ष साकिन गोधनपुर थाना गांधीनगर का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर पीड़िता से जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता हैं। कार्यवाही के दौरान महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनीता भारद्वाज,आरक्षक संतोष गुप्ता, किशोर तिवारी,अरविन्द मिंज् सक्रिय् रहे।

# कोरबा नगरनिगम के सभापति बने नूतन सिंह ठाकुर



-संवाददाता-
कोरबा,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

नगर पालिक निगम कोरबा का सभापति के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव में भाजपा की घेराबंदी कोई काम नहीं आई। सभापति बनने की दौड़ में आगे चल रहे पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल को पछाड़ कर युवा पार्षद नूतन सिंह ठाकुर ने मारी बाजी। उन्होंने 67 मे कुल 33 मत प्राप्त कर सभापति का चुनाव जीता और पार्षदों ने उन पर अपना भरोसा जताते हुए उन्हें जीत दिलाई । वहीं दूसरी तरफ भाजपा संगठन से घोषित प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल मात्र 16 वोटों पर सिमट गए जबकि अब्दुल रहमान को 18 वोट प्राप्त हुए । जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की देखरेख में चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया को पूर्ण कराया गया।

# सहायक यंत्री कृषि विभाग में जातिगत भेदभाव का आरोप

-संवाददाता-
सरगुजा,08 मार्च 2025
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के अंबिकापुर में स्थित सहायक यंत्री कृषि विभाग जो की अंबिकापुर के गंगापुर में स्थित है यहां पर कर्मचारियों द्वारा बहुत बड़ा आरोप लगाया गया है अधिकारी के ऊपर यहां बताया जा रहा है कि सहायक यंत्री कृषि विभाग के अधिकारी के द्वारा जातिगत भेदभाव किया जाता है और सभी छोटे जाति के कर्मचारी जो कि अनुसूचित जनजाति के हैं उनको अच्छे नजर से नहीं देखा जा रहा है उनको वहां पर पानी पीने से भी वंचित कर दिया गया और ऑफिस कार्यालय में घुसने के लिए भी मना कर दिया गया है। द्व एडिशनल एसपी ने शुरू की जांच यह मामला गंगापुर में स्थित कृषि विभाग कार्यालय का है जहां पर जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया गया है और इसकी सूचना अंबिकापुर के एडिशनल एसपी को दिया गया उसके बाद एडिशनल एसपी ने इसकी जांच की तो पाया गया कि यहां पर मारपीट का भी आरोप लगाया गया है और जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया गया है छोटे जाति के कर्मचारियों के द्वारा और इसके ऊपर जल्द से जल्द कार्रवाई करने की बात् कही् जा् रही् है।

# आज होगा दुबई की सरजमीं पर भारत न्यूज़ीलैंड का महायुद्ध

» फाइनल में क्या ऐसी होगी न्यूज़ीलैंड की प्लेयिंग 11

» सिर्फ एक प्लेयर ने फंसा दिया पेंच

» 4 प्लेयर्स से भारत को रहना होगा सावधान

**दुबई,08 मार्च 2025।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का महामुकाबला दुबई के मैदान पर 9 मार्च को खेला जाएगा। मौजूदा टूर्नामेंट में जहां भारतीय टीम अजेय रही है। वहीं न्यूजीलैंड ने सिर्फ एक मैच हारा है। वह भी भारत के खिलाफ। दोनों टीमों के पास स्टार प्लेयर्स की फौज है, जो चंद गेंदों में ही मैच का रुख बदल देते हैं। भारतीय टीम की कमान रोहित शर्मा के हाथों में है। वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर हैं। खिताब जीतने के लिए न्यूजीलैंड की टीम कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहेगी। आइए जानते हैं, भारत के खिलाफ महामुकाबले के लिए न्यूजीलैंड की प्लेइंग इलेवन कैसी हो सकती है।

### शानदार फॉर्म में हैं रचिन रवींद्र

न्यूजीलैंड के लिए विल यंग और रचिन रवींद्र दोनों ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। विल यंग ने पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाया था और अपने दम पर टीम को जीत दिलाई थी। दूसरी तरफ रचिन भी प्रचंड फॉर्म में चल रहे हैं। उनके आगे विरोधी टीमों के गेंदबाज टिक नहीं पा रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में रचिन अभी तक दो शतक लगा चुके हैं। ऐसे में यंग और रचिन की जोड़ी भारत के खिलाफ ओपनिंग कर सकती है।

### विलियमसन का खेलना लगभग तय

न्यूजीलैंड के लिए तीसरे नंबर पर अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन का उतरना लगभग तय है। वह एक बार क्रीज पर सेट हो गए, तो उन्हें आउट करना बहुत ही मुश्किल हो जाता है। उन्होंने सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बेहतरीन शतक लगाया था। चौथे नंबर पर डेरिल मिचेल को मौका मिल सकता है। पांचवें नंबर पर ग्लेन फिलिप्स को चांस मिल सकता है। मिचेल और फिलिप्स विस्फोटक बैटिंग करने में माहिर हैं और मैदान के किसी भी कोने में स्ट्रोक खेल सकते हैं। विकेटकीपर की जिम्मेदारी टॉम लैथम को सौंपी जा सकती है। लैथम मौजूदा टूर्नामेंट में भी एक शतक लगा चुके हैं।

### न्यूजीलैंड के पास दो स्टार स्पिनर्स

भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच दुबई के मैदान पर खेला जाएगा, जहां की पिच स्पिनर्स को सपोर्ट करती है। न्यूजीलैंड के पास मिचेल सेंटनर और माइकल ब्रेसबेल जैसे दो शानदार स्पिनर्स मौजूद हैं, जो विरोधी टीम को ध्वस्त करने की काबिलियत रखते हैं। तेज गेंदबाजी आक्रामण की अगुवाई काइल जेमीसन करते हुए नजर आ सकते हैं। उनका साथ देने के लिए टीम में विल ओ रुर्के को चांस मिल सकता है।



### मैट हेनरी के खेलने पर बड़ा संशय

मैट हेनरी को साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में हेनरिक क्लासेन का कैच पकड़ते समय कंधे में चोट लग गई थी। इसी वजह से फाइनल में उनके खेलने पर संशय बना हुआ है। अगर वह मैच खेलने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हो पाते हैं, तो उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में जैकब डफी को शामिल किया जा सकता है। लेकिन हेनरी की चोट ने न्यूजीलैंड के कप्तान की टेंशन तो बढ़ा ही दी है।

### भारत के खिलाफ फाइनल मैच के लिए न्यूजीलैंड की संभावित प्लेइंग इलेवन

मिचेल सेंटनर (कप्तान), विल यंग, रचिन रवींद्र, केन विलियमसन, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टॉम लैथम, माइकल ब्रेसबेल, मिचेल सेंटनर, काइल जेमीसन, विल ओ रुर्के,मैट हेनरी/जैकब डफी।

### पूर्व हेड कोच के बयान ने बढ़ाई रोहित की टेंशन

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच भारत और न्यूजीलैंड के बीच 09 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को लेकर फैंस के बीच उत्साह चरम पर है। इस मुकाबले को लेकर क्रिकेट एक्सपर्ट्स अपनी-अपनी राय लगातार फैंस के साथ साझा कर रहे हैं। इसी कड़ी में टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और हेड कोच रवि शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने बताया है कि इस मैच में भारतीय टीम के लिए कौन सबसे बड़ा खतरा बन सकता है।

### फाइनल मैच को लेकर रवि शास्त्री ने दिया बड़ा बयान

भारत के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया। रवि शास्त्री ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा कि अगर भारत को कोई टीम हरा सकती है तो वह न्यूजीलैंड है। भारत प्रबल दावेदार है लेकिन उन्हें बहुत ज्यादा फायदा नहीं है। बता दें कि इससे पहले चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल में भारत और न्यूजीलैंड का सामना 2000 में भी हुआ था, जहां न्यूजीलैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया था। अपनी इस बातचीत में रवि शास्त्री ने उन 4 खिलाड़ियों के नाम बताए जिससे टीम इंडिया को फाइनल मैच में संभलकर रहने की जरूरत है। शास्त्री ने रचिन रविंद्र को 'बेहद प्रतिभाशाली' खिलाड़ी बताया, साथ ही उन्होंने केन विलियमसन की 'स्थिरता और शांत स्वभाव' की तारीफ की। उन्होंने कप्तान मिचेल सैंटनर को चालाक कप्तान और ग्लेन फिलिप्स को टीम का 'एक्स फैक्टर' करार दिया।

### रवि शास्त्री ने विराट कोहली को कहा गेम चेंजर

शास्त्री ने विराट कोहली के मौजूदा फॉर्म को 'गेम चेंजर' करार दिया, साथ ही में उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छे प्रदर्शन के लिए विलियमसन की भी तारीफ की। उन्होंने कहा, कोहली के मौजूदा फॉर्म की बात करें तो अगर उनके जैसे खिलाड़ियों को शुरूआती दस रन बना लेने दें तो बाद में वो लंबी पारी खेलते हैं। चाहें वो विलियमसन हों या कोहली। न्यूजीलैंड के लिए मैं कहूंगा विलियमसन। कुछ हद तक रविंद्र भी। 25 वर्षीय रचिन रविंद्र आईसीसी के वनडे फॉर्मेट के टूर्नामेंट में पांच शतक जड़ चुके हैं और ऐसा करने वाले वह सबसे युवा खिलाड़ी हैं। शास्त्री ने कहा, जिस तरह से वह क्रीज में वह मूव करता है, वह उन्हें पसंद है। रचिन फ्लो में बल्लेबाजी करता है और उसके पास कई स्ट्रोक्स हैं। शास्त्री ने आगे कहा बड़े टूर्नामेंटों में शतक ऐसे ही नहीं बन जाते। वह बेहद प्रतिभाशाली है।

### फाइनल मैच को लेकर रवि शास्त्री ने किया बढ़ा दावा

विलियमसन के बारे में शास्त्री ने कहा, वह बहुत स्थिर है और शांत रहता है। शास्त्री का मानना है कि विलियमसन अपने काम को लेकर बहुत संजीदा है। वह बड़े ही शांत तरीके से रन बनाता है। लोग बड़े शॉट्स में यकीन करते हैं लेकिन वह फ्लो के साथ पारी को आगे बढाता है। जो रूट, विलियमसन, कोहली इन सभी का फुटवर्क कमाल का है। उन्होंने सेंटनर की तारीफ करते हुए कहा, वह काफी चतुर है और कप्तानी उसे रास आ रही है। इससे बतौर बल्लेबाज, गेंदबाज और एक क्रिकेटर के तौर पर उसे फायदा हो रहा है। शास्त्री ने यह भी दावा किया कि प्लेयर आफ द मैच कोई ऑलराउंडर ही बनेगा। उन्होंने कहा, भारत की ओर से अक्षर पटेल या रवींद्र जडेजा या न्यूजीलैंड की ओर से ग्लेन फिलिप्स इस मैच में प्लेयर ऑफ द मैच बन सकता है।



### अंतर्राष्ट्रीय महासंघ ने भारतीय निशानेबाजी लीग को आईएसएसएफ विंडो आवंटित की

**नईदिल्ली,08 मार्च 2025।** ओलंपिक खेल निशानेबाजी को नियंत्रित करने वाली वैश्विक संस्था, अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने अपने अंतर्राष्ट्रीय कैलेंडर में उद्घाटन भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई ) के लिए एक विंडो आवंटित की है, जो अब 24 नवंबर से 7 दिसंबर, 2025 तक आयोजित की जाएगी।भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई ) ने पिछले साल नवंबर में भारतीय निशानेबाजी लीग की मेजबानी करने की अपनी मंशा की घोषणा की थी और अब इसे आईएसएसएफ से मान्यता मिलने के साथ ही यह लीग विश्व स्तरीय निशानेबाजी प्रतियोगिता होने का वादा करती है, जिसमें शीर्ष भारतीय निशानेबाज खेल के सर्वश्रेष्ठ खिलाडि़यों से मुकाबला करेंगे।

## राजस्थान रॉयल्स ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पिंक प्रॉमिस जर्सी लॉन्च की

**नईदिल्ली,08 मार्च 2025।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में अपने बहुप्रतीक्षित पिंक प्रॉमिस मैच के लिए एक आकर्षक ऑल-पिंक जर्सी का अनावरण करके अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

रॉयल्स पिंक प्रॉमिस का उद्देश्य राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले परिवर्तन का समर्थन करना जारी रखना है। इस प्रतिबद्धता को सबसे बड़े मंच पर ले जाते हुए, राजस्थान रॉयल्स 1 मई को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिंक प्रॉमिस मैच की मेजबानी करेगा।

आईपीएल फ्रेंचाइजी ने एक विज्ञप्ति में कहा, राजस्थान रॉयल्स की सीएसआर शाखा रॉयल राजस्थान फाउंडेशन (आरआरएफ) ने भी एक शक्तिशाली ़पिंक प्रॉमिस अभियान फिल्म, औरत है तो भारत है के लॉन्च के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। पिछले साल, पिंक प्रॉमिस



अभियान ने ल्यूमिनस जैसे भागीदारों के समर्थन के साथ 250 से अधिक घरों में रोशनी लाकर हजारों लोगों के जीवन को रोशन किया।

पहल के बारे में बात करते हुए, राजस्थान रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक, कुमार संगकारा ने कहा, पिंक प्रॉमिस के माध्यम से, हम एक स्थायी प्रभाव बनाने का प्रयास करते हैं - न केवल व्यक्तियों पर, बल्कि उनके परिवारों और समुदायों पर, जो बदलाव को प्रेरित करते हैं, जो बहुत दूर तक फैलते हैं। पिछले साल, हमने खुद देखा कि कैसे इस पहल ने जीवन को बदल दिया, और यह कुछ ऐसा है जो हम गहराई से मानते हैं। एक टीम के रूप में, हम इस यात्रा का हिस्सा होने पर बहुत गर्व महसूस करते हैं, फाउंडेशन में सार्थक समय बिताते हैं ताकि वास्तव में किए जा रहे काम को समझ सकें।

पिंक प्रॉमिस एक अभियान से कहीं अधिक है; यह एक सांस्कृतिक प्रतिबद्धता है जो हमारे मूल्यों को आकार देती है और उन मानकों को परिभाषित करती है जिनके लिए हम खड़े हैं।इस साल जमीनी स्तर पर प्रभाव डालना जारी रखने के लिए, रॉयल्स राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण परिवर्तन के लिए आरआर बनाम एमआई मैच के लिए खरीदे गए प्रत्येक टिकट के लिए 100 रुपये का योगदान देगा। इसके अतिरिक्त, रॉयल्स की विशेष ऑल-पिंक जर्सी की बिक्री से होने वाली सभी आय सीधे रॉयल राजस्थान फाउंडेशन (आरआरएफ) को उसके सामाजिक प्रभाव पहलों का समर्थन करने के लिए जाएगी।

पिंक प्रॉमिस एक अभियान से कहीं अधिक है;यह एक सांस्कृतिक प्रतिबद्धता है जो हमारे मूल्यों को आकार देती है और उन मानकों को परिभाषित करती है जिनके लिए हम खड़े हैं।



### ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने दक्षिण अफीका मास्टर्स को 137 रनों से हराया

**वडोदरा,08 मार्च 2025।** कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। शेन वॉटसन का बल्ले से दबदबा उनमें से एक है। ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स के कप्तान ने वर्षों पीछे लौटते हुए चार मैचों में अपना तीसरा शतक बनाया और इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स के आक्रमण को ध्वस्त करते हुए अपनी टीम को 137 रनों की शानदार जीत दिलाई और टूर्नामेंट के वडोदरा लेग को शानदार तरीके से समाप्त किया।टूर्नामेंट के पहले दो मैच हारने के बाद, वॉटसन एंड कंपनी ने ऑस्ट्रेलियाई भावना की यादों को ताजा करते हुए जीत दर्ज की।

बल्लेबाजी करने उतरे वॉटसन ने इंडिया मास्टर्स के खिलाफ पिछले मैच की तरह ही शानदार प्रदर्शन किया और अपने शानदार पुल तथा सहज लॉफ्टेड ड्राइव से ऐसा लगा जैसे वे अपने उस दौर में वापस लौट गए हों, जब उन्होंने कभी विश्व क्रिकेट के सबसे बड़े मंचों पर राज किया था।जैसे ही उन्होंने बीसीए स्टेडियम में अपना बल्ला उठाया, प्रशंसक ऑस्ट्रेलियाई टीम में उनकी बेहतरीन पारियों की यादों को ताजा करने से खुद को रोक नहीं पाए।

## युवा महिलाओं के जीवन की वास्तविक झलक प्रस्तुत करती जिद्दी गर्ल्स



ज़िद्दी गर्ल्स' कहानी है पांच जेन ज़ी फ्रेशर्स की जो कॉलेज में आते ही गहरी दोस्ती, रोमांस और कैंपस की हवा के साथ साथ ज़िंदगी की ताप से भी गुजर रही हैं।ज. ज़िद्दी गर्ल्स' सीरीज़ का निर्देशन किया है शोनाली बोस ने, जबकि इसे रंगिता प्रीतिश नंदी और इशिता प्रीतिश नंदी ने क्रिएट किया है। और संकल्प जोशी शामिल हैं।कॉलेज की मस्ती, चुनौतियां और भावनात्मक उतार चढ़ाव को इसमें प्रामाणिक रूप से दर्शाया गया है।कैंपस फ़िक्शन अपने आप में क़िस्सागोई के लिए एक बेहद दिलचस्प स्पेस है। चाहे ये कैंपस कॉलेज का हो या किसी यूनिवर्सिटी का, इसे कभी केंद्र तो कभी नेपथ्य में रख कर बहुत सी कहानियां, उपन्यास लिखे गए और फ़िल्में बनती रहीं हैं। इसी श्रृंखला में अब एक ताज़ातरीन वेब सीरीज़ आई है, ज़िद्दी गर्ल्स'। फिल्म की कहानी दरअसल दिल्ली विश्वविद्यालय में लड़कियों के लिए मशहूर कॉलेज मिरांडा हाउस' के इर्द गिर्द बुनी गई है, जिसका नाम तकनीकी और व्यावहारिक वजहों से मटिल्डा हाउस' कर दिया गया है। साथ ही शुक्र है उस भूल चूक लेनी देनी' की तख़्ती (डिस्क्लेमर) एडवांस में लगा देने वाले अनिवार्य चलन का, जिसकी वजह से यह सीरीज़ रिलीज़ के पहले उन विवादों में फंसने से बच गई, जो इसे इसके दर्शकों से दूर रख सकते थे।तो चलिए आज के सिने-सोहबत' में चर्चा की जाए मटिल्डा हाउस' यानी मिरांडा हाउस' यानी एमएच' से जुड़ी इस कहानी पर बनी ज़िद्दी गर्ल्स' की।दरअसल, एमएच' से मेरा निजी रिश्ता भी रहा है। तब मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस लॉ सेंटर' (सीएलसी) में पढता था। क़रीब पच्चीस साल हो गए। ज़िंदगी की पहली घोषित गर्लफ्रेंड एमएच में थी और वो भी वहां के हॉस्टल में। ग़ौरतलब है कि ये बताना उतना प्रासंगिक नहीं है कि अब वो मेरी पत्नी हैं लेकिन चूंकि समाज को प्रेम कहानियों का सुखांत देखना अच्छा लगता है इसलिए मैंने इसका ज़िक्र भी कर दिया है।तो होता ये था कि हर शाम उनसे मिलने जाता था। तब वहां रहने वाली लड़कियों के लिए विज़िटर्स से मिलने का समय होता था शाम साढ़े चार से साढ़े सात। उसके बाद के वक़्त को कहते थे कर्फ़्यू ऑवर'। शाम साढ़े सात के बाद हॉस्टल की वो सभी सैकड़ों लड़कियां उस ऊंची गेट और उससे भी ऊंची दीवारों के पीछे ग़ायब। ज़ाहिर है किसी भी संस्थान और वहां के माहौल को सुरक्षित रखने के लिए सिस्टम्स बनाए जाते हैं और समय समय पर उनको बेहतर करने के इंटरनल और एक्सटर्नल संघर्ष चलते रहते हैं। बहरहाल, अनुशासन' और अलग अलग किस्म की आज़ादी' के बीच का संघर्ष सदियों से चला आ रहा है लेकिन एमएच' की लड़कियों की जो बात मुझे सबसे ज़्यादा चकित करती रही कि वो है वहां के माहौल में देश भर से पढने़ और खुद को गढने़ आई लड़कियों में ऐसा कॉन्फिडेंस आता है कि वो अपनी पसंद की फील्ड में कुछ भी कर गुज़रती हैं और वो भी अपनी शर्तों पर। चाहे वहां के थिएटर ग्रुप्स हों, या डिबेटिंग सोसाइटी या फिर स्टूडेंट्स यूनियन के चुनाव, चुनाव की प्रक्रिया और उनमें इन लड़कियों का बेधड़क भाग लेना, साइंस एक्जीबिशन हो या पोएट्री रेसाइटेशन अपनी पढ़ाई और स्पोर्ट्स के साथ साथ सबमें जूझना इन लड़कियों की जीवन शैली बन जाती है। इस कैंपस में हज़ारों लाखों सपने साकार किए हैं। हर क्षेत्र में लड़कियों ने नाम किए हैं। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित भी एक्स मिरांडीयन (मिरांडा हाउस की पूर्व छात्रा) थीं।बहरहाल, ज़िद्दी गर्ल्स' कहानी है पांच जेन ज़ी फ्रेशर्स की जो कॉलेज में आते ही गहरी दोस्ती, रोमांस और कैंपस की हवा के साथ साथ ज़िंदगी की ताप से भी गुज़र रही हैं। साथ ही वे अपने कॉलेज और वहां के माहौल को बाहरी खतरों से बचाने के लिए संघर्ष करना भी सीखती हैं।



## शुभमन गिल के प्यार में स्टेडियम जाती हैं ये खूबसूरत एक्ट्रेस

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी शुभमन गिल के बल्ले ने पूरी चैंपियन्स ट्रॉफी के दौरान आग उगली है। धड़ाधड़ रन बनाने वाले स्टार खिलाड़ी शुभमन गिन अब रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना दम दिखाएंगे। चैंपियन्स ट्रॉफी से पहले ही शुभमन गिल डेटिंग रूमर्स को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। चैंपियन्स ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले को देखने के लिए स्टेडियम पहुंची एक खूबसूरत एक्ट्रेस के साथ शुभमन का नाम जोड़ा जा रहा है। ये एक्ट्रेस कोई और नहीं बल्कि अवनीत कौर हैं। अवनीत भी सोशल मीडिया स्टार हैं और चैंपियन्स ट्रॉफी के मुकाबलों के दौरान स्टेडियम के डगआउट में नजर आ रही हैं। अब दोनों के बीच डेटिंग रूमर्स सामने आ रही हैं।

### क्या अवनीत कौर को डेट कर रहे हैं शुभमन गिल

अवनीत कौर बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं और अब तक कई फिल्में, टीवी सीरियल और रियालिटी शो में नजर आ चुकी हैं। इसके साथ ही अवनीत सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 31.7 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। बीते दिनों हुए चैंपियन्स ट्रॉफी के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले को देखने अवनीत कौर पहुंची थीं। अवनीत कौर ने यहां से स्टेडिम की कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं। इसके बाद से फैन्स के बीच ये अफवाह फैल गई कि अवनीत कौर क्रिकेटर शुभमन गिल के प्यार में हैं। हालांकि दोनों के बीच ऐसा कुछ देखने को नहीं मिला है और न ही किसी ने इसको लेकर पुख्ता जानकारी दी है।

### कैसे शुरू हुई ये डेटिंग रूमर्स

दरअसल शुभमन गिल और अवनीत कौर के बीच डेटिंग रूमर्स एक तस्वीर की वजह से शुरू हुई थी। ये तस्वीर अवनीत के दोस्त ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की थी। इस तस्वीर में अवनीत अपने कुछ दोस्तों के साथ खड़ी होकर पोज दे रही हैं। इस ग्रुप में शुभमन गिल भी खड़े हैं। ये तस्वीर लंदन में सर्दियों के दिनों की है। ये तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई थी। जिसके बाद फैन्स ने दोनों के डेटिंग का अंदाजा लगाया है। हालांकि इन अफवाहों में अभी तक कोई सच्चाई के सबूत देखने को नहीं मिले हैं। अब अवनीत कौर फाइनल मुकाबले में भी यहां दुबई स्टेडिमय रहने वाली हैं। रविवार को चैंपियन्स ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला जाना है। इस मुकाबले को देखने के लिए दुबई क्रिकेट स्टेडियम में बॉलीवुड के तमाम सितारे शिरकत करने वाले हैं।

## बी हैप्पी का ट्रेलर रिलीज




### बेटी के सपनों को सच करने के लिए कुर्बानी देंगे अभिषेक बच्चन

अभिषेक बच्चन स्टारर फिल्म बी हैप्पी का दिल छू लेने वाला ट्रेलर रिलीज हो गया है। लिजेल रेमो डिसूज़ा के रेमो डिसूज़ा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी और रेमो डिसूज़ा निर्देशित यह फैमिली एंटरटेनर फिल्म है, जिसमें एक पिता और बेटी के अटूट बंधन, सपनों के पीछे भागने के जादू और डांस के प्रति गहरे जुनून की कहानी को बयां करती है। एक खुशमिजाज परिवार पर बेस्ड बी हैप्पी में अभिषेक बच्चन,नोरा फतेही,नास्सर, और इनायत वर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि जॉनी लीवर और हरलीन सेठी सहायक भूमिकाओं में होंगे। प्राइम वीडियो की ओरिजिनल फिल्म 14 मार्च को भारत सहित 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में हिंदी भाषा में रिलीज होगी। साथ ही तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब एडिशन भी उपलब्ध होंगे.ट्रेलर में हास्य, भावनात्मक क्षणों और शानदार डांस का एक अनूठा मिश्रण देखने को मिलता है, जो दर्शकों को शिव और उसकी उत्साही बेटी की दुनिया में ले जाता है। हास्य, गहरे भावनात्मक पलों और दिल छू लेने वाले संवादों से भरपूर यह फिल्म दर्शकों को एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाती है। अपने मूल में, बी हैप्पी एक समर्पित सिंगल पिता की मार्मिक कहानी है, जो अपनी बुद्धिमान लेकिन अत्यधिक स्नेही बेटी के साथ जीवन के उतार-चढ़ाव को पार करता है। उनकी आपसी छेड़छाड़, निःस्वार्थ प्रेम और साझा सपने इसे एक आनंददायक लेकिन गहराई से प्रभावित करने वाली कहानी बनाते हैं। अभिषेक बच्चन, जो फिल्म में शिव की भूमिका निभा रहे हैं, ने कहा, शिव का किरदार निभाना एक भावनात्मक यात्रा रही, क्योंकि वह एक ऐसा पिता है जो अपनी बेटी के सपने को पूरा करने के लिए समय और हालात से लड़ रहा है। बी हैप्पी सिर्फ एक फिल्म नहीं है, यह आत्मबल और साहस की एक प्रेरणादायक कहानी है, जो हमें यह सिखाती है कि जीवन की कठिनाइयों के बावजूद हमें आगे बढ़ते रहना चाहिए,बिल्कुल डांस की तरह।

## महत्वपूर्ण खबर

### 24 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू



**विधानसभा में विधायकों को करेंगी संबोधित**

**रायपुर,08 मार्च 2025(ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को छत्तीसगढ़ के दौरे पर आएंगी। इस दौरान वे विधानसभा पहुंचकर विधायकों को संबोधित करेंगी और विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। उनके दौरे को लेकर प्रशासनिक और सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का शराब दुकानों पर सख्त रुख



**होली पर समस्या न हो**

**बिलासपुर,08 मार्च 2025(ए)।** सिरगिट्टी मुख्य मार्ग पर स्थित शराब भट्ठी मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई में नगर निगम बिलासपुर के आयुक्त ने शपथपत्र प्रस्तुत किया। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि इस स्थान की नियमित निगरानी की जाए और होली के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। अगली सुनवाई 2 अप्रैल को होगी।

### दूल्हे की शेरवानी गलत डिजाइन की




**रायपुर,08 मार्च 2025(ए)।** राजधानी रायपुर के सेहरा डिजाईन स्टूडियो के संचालक सिद्धार्थ गोयल और आदित्य गोयल के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत ओडिशा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उन पर ये एफआईआर केसिंगा के सुनील गोयल ने दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि उन्होंने अपने बेटे की शादी में सेहरा डिजाईन स्टूडियो से डिजाइनर सेटअप लिए थे लेकिन जब इसका ट्रायल लिया तो इसमें कई खामिया थी। जिसे अल्ट्रेशन के लिए उन्होंने पुनः बताया। इसके बाद वे शादी से कुछ दिनों पहले यानी फरवरी 2025 में ही वे जब रायपुर पहुंचे तो उन्होंने इसका पूरा पेंमेंट कर कपड़े लिए, लेकिन जब घर ले जाकर उसे पहनकर देखा तो बताई गई खामियों को दूर नहीं किया गया। इसकी शिकायत लेकर जब वे सेहरा डिजाईन स्टूडियो पहुंचे तो उनके खिलाफ बुरा बर्ताव किया गया। अब इस मामले में पीड़ित ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

### सड़क हादसे में आरक्षक की दर्दनाक मौत



**खून से लथपथ सड़क में मिली लाश**

**कोरबा,08 मार्च 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक आरक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार रात भूपेंद्र कंवर अपने गृहग्राम कटघोरा से खाना खाने के बाद नाइट ड्युटी के निकले थे तभी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे इतने हजार बर्खास्त बीएड शिक्षक

**रायपुर,08 मार्च 2025(ए)।** .छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बर्खास्त शिक्षक अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। इस दौरान 2,897 बर्खास्त बीएड . प्रशिक्षित सहायक शिक्षक नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर जमे हुए हैं। गुस्सा उबल रहा है और नारेबाजी तेज हो चुकी है। अब दोबारा मैदान में उतरने की वजह साफ है, सरकार ने कमेटी तो बना दी, लेकिन फैसला सुनाने में सुस्ती दिखा रही है। यही वजह है कि शिक्षक अब कमेटी की समय सीमा तय करने की मांग कर रहे हैं, ताकि फैसला लटकता न रहे।



# फर्जी परीक्षार्थी मामले पर मचा बवाल

- » जाली एडमिट कार्ड बनाकर दोस्त की जगह परीक्षा देने बैठा छात्र...
- » पकड़ाया तो बोला...यार फेल होता तो सह नहीं पाता इसलिए उसकी जगह दी परीक्षा...



**भिलाई,08 मार्च 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्व विद्यालय की सेमेस्टर परीक्षा में शुक्रवार को हंगामा मच गया। बीआईटी दुर्ग में सेमेस्टर परीक्षा का एग्जाम सेंटर था, जहां एडमिट कार्ड को टेम्पर (जाली प्रवेश पत्र) बनाकर एक छात्र परीक्षा देता पकड़ा गया। दरअसल, परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई जिसमें कंप्यूटर साइंस ब्रांच के छात्र हिमांशु कुमार को शामिल होना था, लेकिन उसकी जगह पर दिव्यांशु कुमार पेपर देने पहुंचा।
सुबह 10 बजे उसे परीक्षा केंद्र में प्रवेश दे दिया गया, लेकिन फॉड छात्र के द्वारा बार-बार इधर, उधर देखने पर परीवेक्षक को शक हुआ। छात्र घबराया हुआ था, और बेचैन नजर आ रहा था। इस समय तक दोपहर के 12 बज चुके थे। शक के मद्देनजर निरीक्षण करते हुए परीवेक्षक ने जब उसका प्रवेशपत्र देखा तो उन्हें दाल में काला नजर आया। सीएसवीटीयू एक्जाम पर्यवेक्षक ने मामले को संज्ञान में लेते छात्र को कंट्रोल रूम में बुलाया और कड़ाई से पूछताछ की। खुद को फंसता देख छात्र पहले तो ना-नुकर करने लगा, लेकिन फिर उसने अपना गुनाह कुबूल कर लिया। छात्र ने बताया कि, वह अपने दोस्त के कहने पर उसकी जगह पर परीक्षा देने आया है।

### फोटो बदलकर बनाई फेक कार्ड

इसके लिए उसने सीएसवीटीयू के एडमिट के छात्र कंप्यूटर बेस्ड छेड़छाड़ की। हिमांशु की जगह दिव्यांशु कुमार ने अपना फोटो एडिट किया। सीएसवीटीयू एक्जाम एडमिट कार्ड को इस तरह से बनाया कि, उसे पकड़ा न जा सके। बता दें कि, यह छात्र रूंगटा इंजीनियरिंग कॉलेज का है, जो सेमेस्टर परीक्षा के लिए बीआईटी दुर्ग में बने परीक्षा केंद्र में एग्जाम दिलाने पहुंचा था।

> एक ही कॉलेज के छात्र हैं। वह अपने दोस्त की जगह पर परीक्षा दिलाने की शिकायत बीआईटी दुर्ग प्रबंधन ने किया है। मामले में जांच जारी है।
> **केशव कोसले,** टीआई, पद्मनाभपुर थाना

### ऐसे फूटा मुन्नाभाई का भांडा

बीआईटी प्रबंधन ने इस मामले में पद्मनाभपुर थाने में शिकायत दर्ज करा दी है। इसके साथ सीएसवीटीयू को भी मामले की जानकारी दे दी है। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि, छात्र को परीक्षा कंट्रोल रूम में बुलाने पर वह बेहद घबराया हुआ था। इधर-उधर की बातें कर रहा था। खुद को निर्दोष साबित करने का भी उसने खूब प्रयास किया। मामले को सही तरह से हैंडल करने के लिए बीआईटी ने विद्यार्थी के मूल कॉलेज रूंगटा इंजीनियरिंग से संपर्क किया। रूंगटा कॉलेज से दोनों ही छात्रों के एडमिट कार्ड मांगे गए।

### कंट्रोल रूम में की पूछताछ

इससे पहले, परीक्षा केंद्र अध्यक्ष ने परीक्षा हाल पहुंचकर फ्रॉड विद्यार्थी के अगल-बगल बैठकर परीक्षा दिला रहे अन्य छात्रों ने पूछताछ की। यहां अन्य छात्रों ने इसे पहचानने से इनकार कर दिया। दोनों ही सूरत में फ्रॉड छात्र फंसता नजर आया तो उसने खुद ही अपनी असलियत खोलकर रख दी।सीएसवीटीयू एक्जाम बताया कि, उसके दोस्त के कहने पर वह परीक्षा दिलाने आया है। एडमिट कार्ड भी उसने जाली बनाया। दोस्त जैसे-तैसे पास हो जाए इसलिए उसने यह हरकत की।

### दो घंटे तक लिखता रहा पेपर

टेम्पेर्ड एडमिट कार्ड से परीक्षा दिलाने वाला छात्र मूलरूप से फरीदाबाद हरियाणा का है। घटनाक्रम के तहत परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई। उसे उत्तरपुस्तिका और प्रश्नपत्र बांटा गया। परीक्षा में दोपहर 1 बजे खत्म होनी थी। इससे पहले 10 से 12 बजे तक यानी दो घंटे तक वह उत्तर लिखता रहा। पहले कक्षवीक्षक को सबकुछ सामान्य लगा, लेकिन बार-बार उसके हावभाव में आने वाले बदलाव को वीक्षक ने परख लिया। दो घंटे बाद उसकी उत्तरपुस्तिका को भी कंट्रोल रूम में मंगवाया गया। जहां उससे प्रश्नपत्र के संबंध में पूछताछ की गई। इसके बाद सीएसवीटीयू के यूनिवर्सिटी अनफेयर मींस यानी यूएफएम के नियम से उसकी उत्तरपुस्तिका और एडमिट कार्ड सहित तमाम तथ्य दस्तावेजों को विश्वविद्यालय भेज दिया गया है।इस प्रकरण में दोषी छात्र के खिलाफ यूएफएम के तहत कार्रवाई होगी। छात्र द्वारा किए गए कृत्य की पूरी जानकारी लेने के बाद नियम से कार्रवाई होगी। जांच के लिए परीक्षा केंद्र से अभिलेख मांगे गए हैं। नियम से छात्र को परीक्षा से वंचित किया जा सकता है।

**अंकित अरोरा,** कुलसचिव, सीएसवीटीयू

# कंसल्टेंसी फीस को लेकर हाईकोर्ट का नगर निगम के पक्ष में फैसला

- » संबंधित कंपनी को देने थे 4.07 करोड़ रुपये
- » आर्बिट्रेटर और कमर्शियल के आदेश को दी गई थी चुनौती



**बिलासपुर,08 मार्च 2025(ए)।** हाईकोर्ट ने कमर्शियल कोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है जिसमें निगम को यह रकम देने के लिए कहा गया था। बिलासपुर नगर निगम को अब 4.07 करोड़ रुपये नहीं देने होंगे।

**ड्रेनेज सिस्टम कंसल्टेंट किया था नियुक्त**

यह मामला स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम (बारिश के पानी की निकासी व्यवस्था) से जुड़ा है। नगर निगम ने 2010 में इस योजना के लिए एक सलाहकार (कंसल्टेंट) नियुक्त किया था। समझौते के अनुसार, सलाहकार को पूरी योजना की लागत का 1.18त्न देना तय हुआ था। दरअसल कंसलटेंट कंपनी को 33.53 करोड़ रुपये की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनानी थी, लेकिन कंपनी ने 333.93 करोड़ रुपये की डीपीआर बनाकर 4 करोड़ 7 लाख 3583 रुपये की मांग कर दी।

**सिंगापुर की कंपनी को मिला था यह काम**

नगर निगम ने 15 जुलाई 2010 को स्टार्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के लिए योजना और डिजाइन बनाने के लिए कंसल्टेंट की नियुक्ति के लिए टेंडर निकाला था। सिंगापुर की मैनहार्ट कंपनी को यह काम मिला। 24 जनवरी 2011 को हुए समझौते के मुताबिक, प्रोजेक्ट की कुल लागत का 1.18त्न कंसल्टेंट को मिलना था।

**दस गुना से भी ज्यादा का बना कर दिया डीपीआर**

कंपनी को 33.53 करोड़ रुपये की डीपीआर देनी थी, लेकिन कंपनी ने सर्वे करके 333.93 करोड़ रुपये की डीपीआर बना दी। इसके बाद मैनहार्ट कंपनी ने 1.18त्न के हिसाब से 4.7 करोड़ रुपये मांगे। जब नगर निगम ने पैसे देने से मना कर दिया, तो कंपनी ने मध्यस्थ (आर्बिट्रेटर) के पास मामला रखा। मध्यस्थ ने 7 फरवरी 2018 को कंसल्टेंट के पक्ष में फैसला सुनाया और 4.07 करोड़ रुपये देने का आदेश दिया। साथ ही, यह भी कहा कि अगर तीन महीने में रकम नहीं दी गई तो 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देना होगा।
नगर निगम ने इस फैसले को कमर्शियल कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन वहां भी उनकी अपील खारिज हो गई। इसके बाद नगर निगम ने हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने नगर निगम के हक में फैसला सुनाते हुए कहा कि प्रोजेक्ट की अंतिम लागत को सरकार से मंजूरी नहीं मिली थी, इसलिए कंसल्टेंट की फीस का दावा गलत था। कोर्ट ने मध्यस्थ और कंसल्टेंट के आदेश को रद्द कर दिया, जिससे नगर निगम को अब यह पैसा नहीं देना होगा।



### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महतारी वंदन सम्मेलन में सीएम साय ने जारी की 13 वीं किश्त

**रायपुर,08 मार्च 2025(ए)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में वृहद महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े, स्थानीय विधायक एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर महतारी वंदन योजना की 13वीं किश्त जारी की, जिससे प्रदेश की 70 लाख महिलाएं लाभान्वित हुईं। इस योजना के तहत डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से महिलाओं के बैंक खातों में राशि स्थानांतरित की गई।इस भव्य आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री साय ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है और भविष्य में भी ऐसी योजनाएं लाई जाएंगी जो महिलाओं के उत्थान में सहायक होंगी। महतारी वंदन सम्मेलन में हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुई और उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

### राज्य शासन ने किशोर न्याय बोर्ड का किया गठन...

**बिलासपुर,08 मार्च 2025(ए)।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ज्वाइंट सिकरेट्री डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने अधिसूचना जारी कर किशोर न्याय बोर्ड का गठन कर न्यायिक मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान न्यायाधिश के पद पर नियुक्त किया है। जारी आदेश में कहा है कि किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 (2016 का स. 2) की धारा 4 की उप धारा (1) एवं (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, राज्य सरकार द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में अधिसूचित किया गया है। प्रधान मजिस्ट्रेट के रूप में सम्मिलित करते हुए, किशोर न्याय बोर्ड का पुनर्गठन किया है।





### पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा के लिए जारी हुआ गाइड लाइन

**रायपुर,08 मार्च 2025(ए)।** पांचवी-आठवीं केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षाओं के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए है। स्कूल शिक्षा सचिव सिध्दार्थ कोमल सिंह परदेशी ने यह निर्देश जारी किए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय छ.ग. द्वारा राज्य में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की सत्र 2024-25 की केन्द्रीकृत वार्षिक परीक्षा हेतु समय सारणी जारी की गई है। यह परीक्षाएं दिनांक 17 मार्च 2025 से 03 अप्रैल 2025 तक आयोजित होगी। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय केन्द्रीकृत परीक्षा समिति द्वारा किया जाना है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों का राज्य स्तर पर उन्मुखीकरण किया गया है, साथ ही तत्संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश भी जारी कर दिये गये है।

### पत्नी को मोटरसायकल में बैठाकर रायपुर ले जाते समय सड़क हादसा



**महासमुंद,08 मार्च 2025(ए)।** अपनी पत्नी को मोटरसायकल में बैठाकर रायपुर ले जाते समय महासमुंद थाना अंतर्गत ग्राम बिरकोनी में एनएच 53 चंडी मंदिर के पास सड़क हादसे में मोटरसायकल चालक की मौत हुई थी,जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज किया है. मिली जानकारी के अनुसार बालाराम साहू पिता मोहन साहू उम्र 40 वर्ष, ग्राम लखनपुर, थाना पटेवा निवासी 30 जनवरी 2025 को अपने मोटर सायकल सुपर स्पेलेण्डर क्रमांक सी.जी. 04 एम डी 7805 से अपनी पत्नी चित्ररेखा साहू के साथ अपने गांव लखनपुर झलप से रायपुर जा रहा था।
इस दौरान एन.एच. 53 ग्राम बिरकोनी चण्डी मंदिर के गेट के आगे विपरीत दिशा से आ रहा मोटर सायकल सी.जी. 04 पी एस 4922 का चालक कौशल यादव लापरवाही पूर्वक अपनी मोटरसायकल चलाकर सामने से बालाराम को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया. एक्सीडेंट से आई चोट के कारण बालाराम साहू का मौत हो गया तथा उनकी पत्नी चित्ररेखा साहू को चोंट लगी।

### परीक्षा के सफल संचालन हेतु कुछ महत्वपूर्ण निर्देश किया गया है जारी...

- ➡. परीक्षा केन्द्रों / मूल्यांकन केन्द्रों में परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के दौरान नियुक्त निरीक्षण दल (उड़नदस्ता) में जाने वाले अधिकारी/कर्मचारी शांति पूर्वक निरीक्षण कार्य करें, ताकि परीक्षार्थियों में तनाव न हो और उत्तर लेखन में व्यवधान न हो।
- ➡. केन्द्राध्यक्षों द्वारा थाने से गोपनीय सामग्री (प्रश्नपत्र) निकालते समय, थाने में आपके द्वारा नियुक्ति अधिकारी भौतिक सत्यापन हेतु अनिवार्यतः उपस्थित रहें।
- ➡. प्रश्न-पत्रों के वितरण हेतु जिला स्तर पर स्ट्रांग रूम तथा उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु विकासखण्ड स्तर पर समन्वय केन्द्र बनाये जायेंगे। इन दोनो स्थानों पर पर्याप्त पुलिस व्यवस्था किये जाने का अनुरोध है।
- ➡ विकासखण्ड स्तर पर आवश्यकता/सुविधानुसार एक से अधिक मूल्यांकन केन्द्र बनाये जायेंगे, इन मूल्यांकन केन्द्रों पर भी कम से कम एक पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाये जाने का अनुरोध है।
- ➡. प्रश्न-पत्र वितरण हेतु जिला स्तर पर बनाये गये स्ट्रांग रूम, उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन हेतु विकासखण्ड स्तर पर बनाये गये समन्वय केन्द्रों एवं मूल्यांकन केन्द्रों में जिन पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी जाती है, उनके द्वारा अनुशासन एवं पूर्ण जवाब देही के साथ सुरक्षा संबंधी ड्यूटी का निर्वहन किया जाए।
- ➡. स्कूल शिक्षा सचिव ने उम्मीद जताते हुए कहा है कि आपके नेतृत्व में आपके जिले में आयोजित होने वाली कक्षा पांचवी एवं आठवीं की केंद्रीयकृत वार्षिक परीक्षा 2024 25 का आयोजन सफलतापूर्वक किया जाएगा।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)